हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 22.4 डिग्री

12 रकम दोगुना करने और लोन दिलाने के नाम ...



13 1980 में जिस संगठन का उदय हुआ, वह आज विश्व...





# जवाहर नगर में घटिया निर्माण, 2 हजार वर्गफीट पेवर ब्लॉक उखाड़कर फिर से लगाने के निर्देश

## महापौर अल्का और लोककर्म प्रभारी चंद्राकर ने पकड़ी गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

करीब 3 लाख रुपए खर्च कर जवाहर नगर मुख्य गेट से शक्ति नगर की तरफ पानी टंकी के पास बिछाए जा रहे पेवर ब्लॉक में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। 4 इंच के बेस की जगह कम ऊंचाई का बेस तैयार कर पेवल ब्लॉक बिछा गई। इतना ही नहीं कई अन्य प्रकार से गड़बड़ी की गई।

सोमवार को महापौर अल्का बाघमार और लोककर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर ने यह गड़बड़ी पकड़ी। इसके बाद तत्काल काम रुकवाकर करीब 2 हजार वर्गफीट का पेवर ब्लॉक उखड़वाया गया। साथ ही उसे पुनः नियमों के तहत लगाने के निर्देश दिए गए। बता दें कि पूर्व में पुरानी गंजमंडी के पास भी पेवर ब्लॉक घटिया लगाए जाने की शिकायत के बाद काम रुकवाया गया। साथ ही नए सिरे से पेवर ब्लॉक बिछवाया गया था। वर्तमान में कार्य की गुणवत्ता में लापरवाही बरतने पर कार्य एजेंसी को ब्लैक लिस्टेट किए जाने की चेतावनी दी गई है।

बता दें कि करीब 9 लाख रुपए की लागत से पेवर ब्लॉक का काम स्वीकृत किया गया था। शुभ पेवर ब्लॉक नामक एजेंसी को काम दिया गया था। काम बिलो में लिए जाने की वजह से करीब 3 लाख रुपए की राशि शेष थी। इस राशि से जवाहर नगर में पेवर ब्लॉक बिछाने का काम किया जा रहा था। खबर है कि यह काम रोहित गुप्ता नामक ठेकेदार से कराया जा रहा था।

### लेवल मिलाकर नहीं किया जा रहा था काम

निरीक्षण के दौरान बाघमार ने उप अभियंता पंकज साहू से जानकारी ली। कार्य की गुणवत्ता, पेवर ब्लाक की मोटाई, बेस लेयर की मजबूती तथा उपयोग में लाई जा रही सामग्री के बारे में पूछा। लापरवाही सामने आने के बाद संबंधित निर्माण कार्य को तत्काल उखड़वाकर पुनः कराने के निर्देश दिए गए। महापौर ने यह भी निर्देश दिए कि जो ठेकेदार निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करेंगे या घटिया कार्य करेंगे, उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर ने स्वयं टेप लेकर सड़क की लंबाई, चौड़ाई एवं पेवर ब्लाक की मोटाई की नापजोख की। इस दौरान कार्य की वास्तविक स्थिति का आकलन किया गया। गुणवत्ता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



### महापौर ने खुद पकड़ी गड़बड़ी, कार्रवाई के निर्देश

महापौर ने खुद मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में लापरवाही आने के बाद करीब 2 हजार वर्गफीट पेवर ब्लॉक को उखड़वाया गया है। कार्य एजेंसी को गुणवत्ता के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी आने पर अब सीधे कार्य एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

-देवनारायण चंद्राकर, प्रभारी लोककर्म ननि दुर्ग

## खबर संक्षेप

### आत्महत्या के लिए उकसाने वाली महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** आत्महत्या के लिए उकसाने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि हाउसिंगबोर्ड कोहका निवासी सृजन कन्हैया पाण्डेय ने सूचना दिया कि मोहन रामटेके 28 मार्च की सुबह अपने घर में मृत अवस्था में मिला। मर्ग जांच में पता चला कि राजू पाल, सोनिया गोस्वामी 1 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। रकम को लेकर मोहन के घर फोन के माध्यम से प्रताड़ित करते थे। परेशान होकर मोहन ने आत्महत्या किया। फरार महिला सोनिया को पुलिस ने पकड़ लिया। महिला को उसके निवास ग्राम जेवरा सिरसा से पकड़ा गया है। गिरफ्तार कर महिला को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने मोबाइल और कई दस्तावेज जब्त किया है। घटना स्मृति नगर चौकी का है।

### धारदार हथियार लेकर डराने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार निवासी प्रिंस कुमार सिंहसे पुरानी रंजिश के चलते आरोपीगण डॉ. राजेंद्र प्रसाद नगर, खुर्सीपार निवासी नागेश उर्फ तेजेश्वर राव, बी सागर के द्वारा हाथ-मुक्का से मारपीट की गई। पीड़ित को धारदार हथियार लेकर आरोपियों ने धमकाया भी है।

### चेनस्नेचिंग करने वाला युवक पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** वृद्ध महिला से चेनस्नेचिंग करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सेक्टर 6 निवासी रमीला वर्मा सड़क 17 से घर घर जा रही थी। तभी अचानक वृद्ध महिला के से सोने का मंगलसूत्र खींचकर युवक सेंट्रल एवेन्यू की ओर फरार हो गया। शिकायत पर भिलाई नगर पुलिस ने खोजबीन किया। आम नागरिकों के सहयोग से युवक को पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर अपना नाम संगम चौक खुर्सीपार निवासी हर्ष चंद्राकर बताया है। युवक के पास से पुलिस ने सोने का मंगलसूत्र बरामद किया गया है।

■ मोहन नगर पुलिस ने दर्ज किया था अपराध ■ फरार आरोपी का वीडियो हो रहा वायरल

# महादेव सट्टा के राज को देख पुलिस भी खा गई धोखा सौरभ का करीबी रैली में घूमा और हो गया फरार

जेएम तांडी ⏭भिलाई

*ऑनलाइन महादेव सट्टा का मास्टर माइंड सौरभ चंद्राकर का करीब राज भिलाई में देखा गया है। वह महादेव सट्टा मामले का फरार आरोपी है, जिसके विरुद्ध मोहन नगर थाने में 2021 में अपराध दर्ज किया गया था। 2 अप्रैल को निकली हनुमान जन्मोत्सव की रैली में वह घूमते देखा गया। यह वीडियो सोशल मीडिया में लगातार वायरल हो रहा है। खास बात यह है कि पुलिस के अफसर भी रैली में थे, लेकिन वे फरार आरोपी को नहीं पहचान पाए।इस प्रकार एक बार फिर राज गुप्ता फरार हो गया। वायरल वीडियो में राज डांस करते नजर आ रहा है।*

मिली जानकारी के मुताबिक राज गुप्ता महादेव सट्टे का प्रमोटर सौरभ चंद्राकर का खास है। आरोप है कि वह पैनल से लेकर बड़े लेन देन में अहम भूमिका निभाता रहा है। सूत्रों की मानें तो वह पहली बार भिलाई नहीं आया है, इससे पहले भी कई बड़े आयोजनों में देखा गया है। खबर है कि राज गुप्ता भिलाई-दुर्ग के बड़े आयोजनों को भी फाइनेंस करता है। राज के खिलाफ मोहन नगर पुलिस ने ऑनलाइन सट्टे मामले में अपराध दर्ज किया था। उस समय से पुलिस रिकार्ड में राज फरार है। भिलाई-दुर्ग वर्ष 2019 से महादेव सट्टे को लेकर बदनामी झेल रहा है। शिक्षाधानी अब पूरी तरह सट्टाधानी बन गया है। यहां से पुलिस ने अब तक कई 150 से अधिक से अधिक युवको को पकड़ चुकी है। इसके अलावा राज गुप्ता तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंच पाई है। राज गुप्ता के साथ उसके कई गुर्गे भी साथ में दिखे है।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

### राज महादेव सट्टा किंग सौरभ का करीबी, अब तक खोज नहीं पाई पुलिस

महादेव बेटिंग ऐप स्कैम में राज गुप्ता भी आरोपी है, जो ऐप के परिचालन और अनैतिक गतिविधियों में शामिल था। राज गुप्ता महादेव बुक के संचालन से जुड़ा रहा है। जो छत्तीसगढ़ और अन्य जगहों पर अवैध सट्टेबाजी के 20 करोड़ से अधिक के साम्राज्य का हिस्सा है। राज गुप्ता महादेव बुक के उन गुर्गों में से है जो सट्टेबाजी के कॉल सेंटर्स को मैनेज करने और अवैध पैसे के लेनदेन में शामिल है। जबकि सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल महादेव सट्टे के मुख्य प्रमोटर है। राज गुप्ता महादेव सट्टे से जुड़ने से पहले कपड़ा दुकान में काम करता था। आज राज की दुबई, एमपी, बिलासपुर,भिलाई-दुर्ग समेत आसपास में कई करोड़ो की संपत्ति होने की खबर है।



### आठ घंटे तक ट्विनसिटी में घूमता रहा आरोपी

बताया तो यहां तक जा रहा है कि महादेव सट्टे का आरोपी राज गुप्ता रैली में शामिल होने शाम 6 बजे ट्विनसिटी पहुंचा था, रैली का हिस्सा बनकर रात 2 बजे तक यहां था। उसके बाद गुर्गों के साथ निकल गया। सोशल मीडिया में जो वीडियो डाला है। जिसमें वीडियो के ऊपर में किंग इज बैक राजा भैया... के नाम से लिखा हुआ है। राज गुप्ता के भिलाई-दुर्ग के गुर्गों को पुलिस का डर अब नहीं सता रहा है। तभी सारी जानकारी उसे दिया करते है। राज गुप्ता के कई गुर्गे ऐसे है जो बड़े राजनैतिक पार्टियों से तालुक रखते है। इसमें एक गुर्गा शहर के बीच करोड़ो रुपए का बंगला बना रहा है। जबकि एक समय उसकी बखत नहीं थी। आज महादेव सट्टे के कारोबार में शामिल होकर काले राज को छिपाने में जुट गया है।



**सीधी बात** एसएसपी विजय अग्रवाल

### राज के बारे में कुछ जानकारियां मिली है, जांच की जा रही है

■ महादेव सट्टे को लेकर पुलिस की कार्रवाई क्या है?
■■ पुलिस ने टीम बनाई है, उस पर काम किया जा रहा है, रिजल्ट जल्द सामने आएगा।
■ राज गुप्ता भिलाई आकर निकल गया?
■■ पुलिस अपना काम कर रही है, कई साक्ष्य मिले हैं। उसे लेकर पुलिस जांच कर रही है।
■ महादेव सट्टे से जुड़े लोगो पर कार्रवाई रुक गई है?
■■ कार्रवाई नहीं रुकी है, इससे जुड़े हर व्यक्ति को बेनकाब किया जाएगा। पुलिस ईमानदारी से काम कर रही है।

■ सवाल ■■ जवाब

### खबर है राज गुप्ता ने आयोजन में की 20 लाख की फंडिंग, इससे पहले दे चुका है मोटी रकम

पुलिस सूत्रों की मानें तो महादेव सट्टे का आरोपी राज गुप्ता कार्यक्रम के लिए 20 लाख रुपए का फायनेंस भी किया है। इसे लाने और बुलाने वाला भी शहर का बड़ा ऑनलाइन सट्टा का कारोबारी है। जैसे पुलिस को खबर मिली कि राज गुप्ता भिलाई पहुंचा है, पुलिस ने कुछ छुटभैया नेता को बुलाकर पूछताछ भी की। छुटभैया नेता ने कई नाम पुलिस को बताए है। राज गुप्ता किसके कहने पर भिलाई पहुंचा और फाइनेंस कैसे हुआ सब जानकारी पुलिस के पास पहुंच चुकी है। महादेव सट्टा का बड़ा कारोबार आज भी भिलाई-दुर्ग में चल रहा है। राज गुप्ता जब भी बड़े आयोजन में पहुंचता है।उसे बड़ा फायनेंस करता ही है। भिलाई-दुर्ग में उसके कई बड़े गुर्गे यहां है पुलिस उन तक नहीं पहुंच पाई है।

# आयोग की कार्रवाई पर सहयोग नहीं करने पर बीएसपी प्रबंधन को फटकार



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य सरला कोसरिया एवं ओजस्वी मंडावी ने सोमवार को महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में प्रदेश स्तर पर आज 390 वी. एवं रायपुर जिले में 179 वी. जनसुनवाई की गई। इसमें भिलाई स्टील प्लांट से जुड़े एक प्रकरण ने अध्यक्ष डॉ. नायक ने नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि एक मामले में आरोप है कि एक कर्मचारी दो-दो महिलाओं से अवैध रिश्ता रखता है। अपनी पत्नी और बच्चों को भरण-पोषण नहीं देता। बीएसपी आश्वासन देता है कि पत्नी और उनके बच्चों को पर्याप्त भरण-पोषण अनावेदक के वेतन से दिया जायेगा। बात में मामले में लीपापोती की जाती है। जब लिखित में जवाब मांगा जाता है तो प्लांट यह कहता है कि लॉ डिपार्टमेंट को भेजा था, कर्मचारी ने लिखकर दे दिया। इसलिए हम भरण-पोषण व वेतन की राशि नहीं दे सकते। इस पर आयोग ने बीएसपी के शीर्ष अधिकारी को फटकार लगाई। साथ ही नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा। जिले से जुड़े एक अन्य प्रकरण में बताया गया कि भारत माला परियोजना में कोलिहापुरी की लगभग ढाई एकड़ जमीन निकली, जिसका मुआवजा लगभग 1 करोड़ 64 लाख अनावेदक के एकाउंट में है। इस संपत्ति में आवेदिका अपना एक चैथाई हिस्सा चाहती है। उसके अन्य दो भाई और हैं। आवेदिका के अनुसार कलेक्टर दुर्ग से इस परियोजना के तहत 2 गुना कीमत प्राप्त हुआ है। शेष 2 गुना कीमत के लिए मामला लंबित है। आयोग द्वारा कलेक्टर दुर्ग को पत्र प्रेषित कर बैंक ऑफ बड़ोदा के ब्रांच मैनेजर गंजपारा ब्रांच में अनावेदक के बैंक एकाउंट में दर्ज मोबाइल नंबर के बैंक खाते के ट्रांजेक्शन को तत्काल प्रभाव से रोक लगाया जाने हेतु अनुशंसा की गई। मामले में अन्य प्रकरणों में भी सुनवाई गई।

■ महिला आयोग ने की दुर्ग जिले से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई, जारी किए आवश्यक दिशा निर्देश

# टॉवर से कूदकर युवक ने दी जान

## पुलिस की फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭नंदिनी अहिवारा

युवक ने टावर से कूदकर अपनी जान देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि टाउनशिप में आत्महत्या करने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पुलिस व फॉरेंसिक टीम पहुंची। शव का शिनाख्त सड़क नंबर 6, मकान नंबर 3 ए, टाउनशिप निवासी आकाश चंद्रीका 21 वर्ष के रुप में हुआ। जांच एवं पीएम करने वाले चिकित्सक ने मौत का कारण आत्महत्या बताया गया है। मृतक एक दिन पूर्व अपने घर के पास वाहन को दीवार से टकरा देने से वाहन क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसे लेकर मानसिक रूप से तनाव में था। परिजनों के बाहर रहने और संभावित डांट के भय से उसने उक्त कदम उठाया। मृतक डिप्लोमा प्रथम सेमेस्टर का छात्र था। मृतक अपने घर से सुबह पांच बजे से निकल गया था।



# ऑनलाइन सट्टा मामले में तीन युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** ऑनलाइन सट्टा चलाने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम खेदामारा, नहर किनारे मैदान में मोबाइल से ऑनलाइन सट्टा खेलने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने दबिश देकर मठपारा, जामुल डिकेश्वर सिन्हा उर्फ राजा,खेदामारा, जामुल कुलेश्वर पटेल, गणेश नगर दीपेश कुमार लहरी उर्फ सन्नी को पकड़ा गया। युवकों द्वारा बीट भाई 9 से आईपीएल क्रिकेट मैचों पर सट्टा लगा रहे थे। आरोपियों द्वारा पुलिस से बचने के लिए कार सीजी 7 बीएफ 5311, स्कूटी सीजी 07 सीजी 7551 से घूम-घूमकर सट्टा संचालन करते थे। पुलिस को मोबाइल फोन के परीक्षण पर 2.50 लाख से 3 लाख तक का ऑनलाइन लेन देन मिला है। तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। युवकों से वाहन, मोबाइल भी बरामद किया है। सामनों की कीमत 4.6 लाख रुपए आंकी गई है।



## 23 मार्च से है न्यायिक अभिरक्षा में

# अफीम के मामले में एक आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**दुर्ग।** जेवरा-पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम समोदा-झेंझरी में अफीम की खेती मामले में गिरफ्तार सुखराम विश्नोई की जमानत याचिका सोमवार को न्यायालय ने खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश पीएस मरकाम के कोर्ट में इस याचिका पर सुनवाई हुई। आरोपी पक्ष के वकील ने कहा कि सुखराम शुगर की बीमारी से पीड़ित हैं। बुजुर्ग हैं। मानवीय संवेदना के आधार पर उन्हें जमानत दी जाए। कोर्ट ने सुनवाई के बाद मामले की गंभीरता और धाराओं के परीक्षण के बाद याचिका खारिज कर दी। शासन की तरफ से मामले में पैरवी विशेष लोक अभियोजक सूरज शर्मा ने की। प्रकरण में आरोपी सुखराम 23 मार्च से न्यायिक अभिरक्षा में है। इस मामले में पुलिस ने बीजेपी नेता विनोयक ताम्रकार, विकास विश्नोई, मनीष ठाकुर, श्रवण विश्नोई, अचला राम, छोटूराम को भी आरोपी बनाया है। पुलिस ने प्रकरण में 62424 किलोग्राम मादक पदार्थों के पौधों की जब्ती दिखाई है। मामले में पकड़े गए आरोपी जेल मे निरुद्ध हैं। पुलिस की जांच जारी है।

## जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में प्रशांत, पूजा उपाध्यक्ष, मिश्रा चुने गए कोषाध्यक्ष

# चार बार की अध्यक्ष नीता चुनाव हारीं, रमेश 268 वोटों से जीते, रविशंकर 167 मतों से जीतकर पांचवीं बार बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रियू पूरी कर ली गई है। चार बार की अध्यक्ष नीता जैन इस बार चुनाव हार गई हैं। उन्हें रमेश शर्मा ने 268 वोटों के बड़े अंतर से हराया। नीता जैन को 336 वोट मिले, वहीं रमेश शर्मा पर भरोसा जताते हुए अधिवक्ताओं ने 604 मत दिए। दो वर्षीय कार्यकाल वाले संगठन में सचिव पद रविशंकर सिंह लगातार पांचवीं बार निर्वाचित हुए। उन्होंने 167 वोटों के अंतर से जीत हासिल कर एक नया रिकॉर्ड बनाया। उन्हें 636 वोट मिले, वहीं उनके निकट्टतम प्रतिद्विंदी को 469 वोट पड़े। कोषाध्यक्ष पद पर अनिय जायसवाल चुनाव हार गए हैं। उन्हें आकेत आर मिश्रा ने हराया। आकेत को 529 मत पड़े, वहीं जायसवाल को 339 वोट मिले। अध्यक्ष पद पर रमेश शर्मा 604 वोट, नीता जैन 336 वोट, उमा भारती साहू 218 वोट और गुलाब सिंह पटेल को 177 वोट मिले। अध्यक्ष पद के अन्य प्रत्याशी 50 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाए।



### 17 पदों के लिए 64 प्रत्याशियों ने की जोरआजमाइश

चुनाव के नतीजे आने के साथ ही विजयी प्रत्याशियों के स्वागत का दौर शुरु हो गया। अधिवक्ताओं द्वारा मिठाईयां बांटकर और गाजे-बाजे की धुन में नाच गाकर अपनी खुशियों का ईजहार किया गया। जिससे पूरा न्यायालय परिसर खुशियों से गुलजार रहा। संघ के कुल 17 पदों के लिए शनिवार को अधिवक्ताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया था। इस चुनाव में कुल 64 प्रत्याशी मैदान में थे। इस चुनाव में कुल 1702 मतदाताओं में से 1454 मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान का कुल 85.50% रहा।

### कार्यकारिणी में निखिल को मिले 559 मत, चुने गए सात सदस्य

सोमवार को 7 कार्यकारिणी सदस्य पद के चुनाव की मतगणना की गई। जिसके उपरांत अंतिम चुनाव परिणाम घोषित किए गए। कार्यकारिणी में सबसे ज्यादा 559 वोट निखिल महलवार को मिला। इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्यों में अन्य सामान्य पद से राजेश नायक, केशव वर्मा, अमर जैन, रविश राजपूत, महिला कार्यकारिणी अनामिका गुहा राय, गायत्री उपाध्याय विजेता रहे। यह चुनावी प्रक्रिया मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजीव पांडेय के मार्गदर्शन में पूरी की गई। इसमें उप मुख्य चुनाव अधिकारी इसराईल शरीफ, मुरली मनोहर देवांगन, राजेश महाडिक, श्याम मिश्रा, हरेन्द्र प्रसाद शाह, असीम कुमार सिंह व टीम के अन्य सदस्यों ने सहयोग दिया।

### वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जोशी लगातार तीसरी बार जीते

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रशांत कुमार जोशी लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करने में कामयाब रहे। श्री जोशी ने ब्रजेश शुक्ला को 261 वोटों से पराजित किया। इसी प्रकार कनिष्ठ उपाध्यक्ष पूजा मोंगरी, सह-सचिव राकेश यदु, सह-सचिव (महिला आरक्षित) कुमारी संध्या, कोषाध्यक्ष साकेत आर मिश्रा, ग्रंथालय सचिव ज्ञानप्रकाश तिवारी, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव रविशंकर मानिकपुरी, महिला आरक्षित सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव पद पर कुमारी दशोदा निर्वाचित घोषित किए गए है। नव-निर्वाचित कोषाध्यक्ष साकेत आर मिश्रा पूर्व में संघ के कार्यकारिणी सदस्य पद के दायित्व को बखूबी संभाल चुके है। वहीं रविशंकर मानिकपुरी ने तीसरी बार सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव पद पर अपना परचम लहराया है। यह चुनावी परिणाम सोमवार को घोषित किए गए।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

**खबर संक्षेप**

## धारदार हथियार दिखाकर धमकी देने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर धमकी देने वाले को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि रात को जनरल मार्केट सेक्टर-10 भिलाई में स्थित फ्लेक्स अकादमी के पास आरोपी कृष्णा नगर कोहका सुपेला निवासी रोशन स्टरली समेत अन्य ने पीड़ित व उसके दोस्त के साथ गाली-गलौज कर विवाद किया गया। अपने पास रखे धारदार हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी पीड़ित को दी। आपसी कहा सुनी पर विवाद हुआ था।

# रकम दोगुना करने और लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

लोन दिलाने और रकम दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना पदमनाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना है।

पुलिस ने बताया कि रायपुर नाका, पद्मनाभपुर निवासी आरोपी लक्ष्मी टाण्डी पीड़ित सारपल्ली भास्कर को 6 माह में रकम दोगुना करने का झांसा दिया। लालच में 3 लाख रुपये नगद, 7 लाख रुपये विभिन्न खातों में ऑनलाइन आरोपी ने ट्रांसफर करवाया। शिकायत पुलिस से होने के बाद महिला लक्ष्मी को पकड़ा गया। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार के लालच, निवेश या लोन के नाम पर अज्ञात व्यक्तियों के झांसे में न आएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस को दें।



## आकाश बने भगवा पार्टी के प्रदेश महासचिव



**दुर्ग।** भगवा पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष देवेश मिश्रा ने सनातनी नेता एवं समाजसेवी आकाश दुबे को प्रदेश महासचिव पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाकांत शुक्ला की अनुमति एवं प्रदेश भगवा कार्यकारिणी छत्तीसगढ़ की अनुशंसा से की गई है। प्रदेश अध्यक्ष देवेश मिश्रा ने नवनियुक्त आकाश दुबे को बधाई देते हुए कहा है कि वे तुरंत प्रभाव से भगवा पार्टी के उद्देश्यों,रीति नीति व कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने, पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं जन कल्याण हेतु कार्य प्रारम्भ कर दें। आकाश दुबे ने कहा कि हमारी पार्टी पूरे छत्तीसगढ़ में पार्टी की रीति नीति के अनुसार भगवा सत्ता लहराएगी और हर स्तर पर सनातनी परिवारों को मजबूत करने, उन्हें एकजुट रखने, नेतृत्व प्रदान करने कार्य करेगी।


## कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के कार्यकर्ताओं की हुई बैठक, ब्लॉक प्रभारी का किया सम्मान

**भिलाई।** कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर मे रविवार को पाटन विधानसभा में ग्राम गब्दी में बैठक हुई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता संजय यदु द्वारा महामंत्री राम सूर्यवंशी, जामगांव आर ब्लॉक प्रभारी का फुल माला से स्वागत किया गया। जामगांव - आर ब्लॉक के रानीतराई क्षेत्र में प्रथम आगमन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया। बैठक में चैतन्य बघेल, आशीष वर्मा, राजाराम मंडल प्रभारी पवन पटेल, जिला सचिव राजेश ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष जामगांव आर शिवकुमार यादव, सनत कटकवाल, भूषण बंजारे, जीतू श्रीवास्तव, राहुल वर्मा, संजय यादव भास्कर समेत अन्य लोग मौजूद थे।



# World Health Day

## स्वस्थ जीवन ही सबसे बड़ा धन



**हर वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है, जो न केवल स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करता है, बल्कि लोगों को अपनी जीवनशैली और आदतों पर पुनर्विचार करने का अवसर भी देता है। बदलते दौर में जहां भागदौड़ भरी जिंदगी, असंतुलित खानपान, बढ़ता तनाव और प्रदूषण जैसी समस्याएं आम हो गई हैं, वहीं स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गई है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि बेहतर स्वास्थ्य केवल बीमारियों से दूर रहने का नाम नहीं है, बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से संतुलित जीवन जीना ही सच्चे अर्थों में स्वस्थ होना है। इसलिए विश्व स्वास्थ्य दिवस एक संदेश देता है कि यदि हम आज अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग नहीं होंगे, तो भविष्य में इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है।**

विश्व स्वास्थ्य दिवस मानव जीवन में स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। आज के तेज़ रफ्तार जीवन में लोग अपने काम और जिम्मेदारियों में इतने व्यस्त हो गए हैं कि वे अपने स्वास्थ्य की अनदेखी कर देते हैं। यही लापरवाही आगे चलकर गंभीर बीमारियों का कारण बनती है।

स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही एक खुशहाल जीवन की नींव है। यदि व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ है, तो वह अपने जीवन के हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। इसलिए स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक है।

आज के समय में अनियमित खानपान, तनाव, शारीरिक गतिविधियों की कमी और प्रदूषण जैसी समस्याएं लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद को अपनी दिनचर्या में शामिल करना जरूरी हो गया है।

इसके अलावा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना भी बेहद आवश्यक है, ताकि किसी भी बीमारी का समय रहते पता लगाया जा सके और उसका उपचार संभव हो सके। जागरूकता ही स्वस्थ समाज की कुंजी है।

सरकार और विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाएं भी इस दिन लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम और अभियान चलाती हैं। लेकिन असली जिम्मेदारी हर व्यक्ति की अपनी होती है कि वह अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे।

अंततः, यह कहना गलत नहीं होगा कि "स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है।" यदि हम स्वस्थ हैं, तो हम जीवन की हर चुनौती का सामना आसानी से कर सकते हैं।

विश्व स्वास्थ्य दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं
स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में डॉ. एन.एल. बंजारे का अपना क्लीनिक उतई एक भरोसेमंद नाम बन चुका है। क्लीनिक पिछले 25 वर्षों से लगातार मरीजों को चिकित्सा परामर्श और उपचार उपलब्ध करा रहा है। डॉ. बंजारे ने अपनी सेवाओं के दौरान सस्ती और सुलभ चिकित्सा को प्राथमिकता दी है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग भी आसानी से इलाज करा सकें। यही कारण है कि क्षेत्र में उनकी पहचान एक जनसेवी चिकित्सक के रूप में स्थापित हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां मरीजों को न केवल उचित इलाज मिलता है, बल्कि उन्हें सही और ईमानदार सलाह भी दी जाती है, जिससे अनावश्यक जांच और खर्च से बचा जा सके।
डॉ. एन.एल. बंजारे
पूर्व खण्ड चिकित्सा अधिकारी-निकुम एवं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी उतई
अपना क्लीनिक
मिनी माता चौक, थाना के सामने, उतई

होम्योपैथिक एलर्जिक क्लिनिक
डॉ. संजय मनवानी
BHMS, PGNAHI, GOLD MEDALIST
Since-2001
विशेष- एलर्जिक अस्थमा, एलर्जिक राईनाइटिस, डस्ट एलर्जी, बार-बार छींके आना, बच्चो का बार-बार बुखार आना, एलर्जिक अर्थकेरिया, खुजली का जड़ से होम्योपैथिक इलाज
प्रदिप्ति नगर, बोरसी, समय- सुबह 9.30 से 11.00
स्टेशन रोड, सिंधी कालोनी, PNB के पीछे, दुर्ग सुबह 11.00 से शाम 8.00
0788-4011329, 98271-56836
हर शनिवार रायपुर में 215, GRAND MARIDIAN, OLD SAMRAT TALKIES FAFADIH CHOWK, STATION ROAD, RAIPUR
खैरागढ़ हर प्रथम और तृतीय रविवार
नये मरीज APPOINTMENT पर ही देखे जाते है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं
लाईफ लाईन
मल्टीस्पेश्यालिटी हॉस्पिटल धमधा
आयुष्मान कार्ड, स्मार्ट कार्ड व राशन कार्ड से भर्ती एवं ईलाज की सुविधा उपलब्ध
सुविधाएं :-
- निश्चेतना विभाग
- जनरल सर्जन
- प्रसुती एवं स्त्री रोग विभाग
- न्यूरो एण्ड स्पाइन सर्जरी विभाग
- डायलिसिस विभाग
- अस्थि रोग विभाग
- शिशु रोग विभाग
- यूरोलॉजी विभाग
- लेप्रोस्कोपिक एवं सामान्य सर्जरी विभाग
नायरा पेट्रोल पम्प के सामने, दुर्ग रोड, धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
फोन : 078212-99922, 7773008983, 9770621203

विश्व स्वास्थ्य दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं
महिमा हॉस्पिटल
मेडिकल एवं सर्जिकल चिकित्सा सुविधा
सभी प्रकार की जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, क्रिटिकल केयर, कैंसर सर्जरी, आर्थोपीडिक्स, स्त्रीरोग, प्रसुति एवं बांझपन, न्यूरोसर्जरी, न्यूरोलॉजी पैथालॉजी, ओजोन थैरेपी से दर्द का इलाज उपलब्ध है।
कादम्बरी नगर, दुर्ग (छ.ग.)

GBR NIHAR HOSPITAL
आयुष्मान कार्ड की सुविधा
आयुष्मान कार्ड
अप्लाई करे
₹5 लाख का मुफ्त उपचार
24 SERVICE EVERYDAY
- सभी प्रकार की ऑपरेशन (हाईड्रोसिल, हर्निया, खुनी बवासीर 'पाईल्स', भगन्दर 'फिस्टुला', पेट में गोला या गांठ, अपेण्डिक्स, आदि का दुरबीन पद्धति से 100% सफल ऑपरेशन एवं उपचार)
- सभी प्रकार की पथरी (किडनी, पेशाब की थैली, पित्त की थैली) आदि का दुरबीन पद्धति से 100% सफल ऑपरेशन एवं उपचार
- सभी प्रकार की हड्डी के फ्रैक्चर का C- ARM मशीन द्वारा सटिक ऑपरेशन एवं सफल उपचार।
- निःसंतान दम्पत्तियों का 100% सफल ईलाज।
- नार्मल डिलीवरी, ऑपरेशन से डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध।
- महिलाओं की विभिन्न रोगों का सफल ईलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा।
- स्तनों में गांठ का सफल जांच, उपचार एवं ऑपरेशन की सुविधा।
- महिला एवं पुरूष की नसबंदी की सुविधा (हाथ एवं दुरबीन पद्धति से)
- नसबंदी खोलने (रिकैनालाईजेशन) की सुविधा।
उपलब्ध सेवाएं
- प्रसुती एवं स्त्री रोग विभाग
- जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग
- गुर्दा एवं मूत्र रोग विभाग (युरोलॉजी)
- हड्डी रोग विभाग
- मनोरोग विभाग
- जनरल मेडिसीन विभाग
- निश्चेतना विभाग
- आई.सी.यू. (I.C.U.)
GBR निहार हॉस्पिटल
जेवरा - सिरसा, धमधा रोड, दुर्ग (छ.ग.)
सम्पर्क : 75877-10909, 94252-10909, 93003-77050

पटेल क्लीनिक
डॉ. नवीन कुमार पटेल
B.A.M.S., DAK (Ayush)
REG. No. TDURG 83444
लकवा,साइटिका,वातरोग, दाद,खाज,खुजली, बेमची, टाइफाइड,जीर्ण ज्वर एवं बवासीर, भंगदर का जाँच उपरांत इलाज किया जाता है।
डॉ अर्चना राठौर
MBBS,DGO(OBGY)
महिला रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक शुक्रवार को, सुबह 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक उपलब्ध।
पुलिस ग्राउण्ड बोरी, तह. बोरी,जिला-दुर्ग
Mob. : 9770404949,9770138894

WORLD HEALTH DAY
विश्व स्वास्थ्य दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं
आयुष्मान कार्ड द्वारा ईलाज की सुविधा उपलब्ध
Dr. Manish Singh
Managing Director
राजवंशी मेमोरियल हॉस्पिटल
गली नं. 2 गंजपारा, दुर्ग (छ.ग.)
शिवाय मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल
उजाला भवन के सामने, स्टेशन रोड, संतरा बाडी, दुर्ग छ.ग., फोन नं. 0788-3511179

## खबर संक्षेप



### हनुमान जन्मोत्सव पर जस झांकी कार्यक्रम

**सेलूद।** आदर्श हनुमान शिव समिति के तत्वावधान में चारबांधा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में पंडित होमनदास वैष्णव द्वारा विधि विधान के साथ हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूजा-अर्चना किया गया। पुजा अर्चना के बाद इस उत्सव में ग्राम के बच्चे महिलाएं सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और जस झांकी का का आनंद उठाते हुए उत्सव का जश्न मनाया। आदर्श क्लब द्वारा गाँव में महाभोग का वितरण भी किया गया।

## निधन

### प्रवीण दीवान



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी भिलाई के नेता प्रवीण दीवान का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार को उनके निवास ईडब्ल्यूएस- 234 गोल मार्केट वैशाली नगर से रामनगर मुक्तिधाम के लिए सुबह 10.30 बजे निकलेगी। वे संजीव दीवान के बड़े भाई, सुमित और अमित दीवान के पिता थे।

### विमला देवी अग्रवाल



**भिलाई।** टंकी मरोदा निवासी विमला देवी अग्रवाल उम्र 75 वर्ष का निधन सोमवार 6 अप्रैल को हो गया। अंतिम यात्रा निवास स्थान से मंगलवार को दोपहर 12 बजे रिसाली मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे ओंकार सिह अग्रवाल व शेष लता अग्रवाल की मां और मीनाक्षी अग्रवाल की सासू मां थीं।

### दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण कर चित्र प्रदर्शनी व संगोष्ठी का भी आयोजन

## स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

# 1980 में जिस संगठन का उदय हुआ, वह आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस के अवसर पर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री गर्जेंद्र यादव, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, छत्तीसगढ़ तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू, पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, महापौर अलका बाघमार आदि उपस्थित थे। इस दौरान चित्र प्रदर्शनी सहित संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। दुर्ग शहर केंद्रीय जेल के पास अटल बिहारी वाजपेयी, हाउसिंग बोर्ड परिसर बस स्टैंड के पास पं. दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय ने कहा कि हम केवल भारत के नहीं विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता है जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है।

अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 भारतीय जनता पार्टी का उदय हुआ था। राजनीति केवल सत्ता प्राप्त करने का साधन नहीं है, समाज को अपेक्षित दिशा में प्रगति पथ पर ले जाना भी उसका कार्य है। इसके लिये संगत दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, जो संगत विचारधारा से प्राप्त होता है। आयोजित संगोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री दिलीप साहू और आभार मंत्री गायत्री वर्मा ने किया। इस दौरान विनोद अरोरा, शिवेंद्र परिहार, सरिता मिश्रा, मनोज सोनी, अशोक राठी, राजीव पांडेय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

### कार्यक्रम में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज हुईं शामिल




### औरी में भाजपा स्थापना दिवस मनाया

**जामगांव आर।** औरी में वरिष्ठ भाजपा नेता भगवान सिंह चंद्राकर, सुप्रिया साहू के नेतृत्व में भाजपा का 47 वां स्थापना दिवस गांधी चौक में मनाया गया। भगवान सिंह ने कहा कि कष्टों के अंबार से निकलकर भाजपा नेताओं ने अग्निपरीक्षा दी तब ऊंचाइयों पर पहुंचकर देश हित में ऐसी सेवा दे रहे हैं जो स्वर्णिम इतिहास लिख रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूर दृष्टि पक्का इराद़ा ने विश्व में भारत का परचम लहराया है।



### स्थापना दिवस पर शरबत वितरण



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस पर भाजपा जिला भिलाई के पूरब मंडल द्वारा सेक्टर 5 चौक में राहगीरों को शरबत, बिस्कुट और अन्य खाद्य सामग्री वितरित किया गया। इस दौरान पुरुषोत्तम देवांगन, रोहित साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बोरी में भाजपा का स्थापना दिवस



**भिलाई।** बोरी-लिटीया भाजपा मंडल के तत्वावधान में ग्राम पंचायत बोरी स्थित अटल चौक परिसर में भाजपा स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान पवन शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्ग, बीरबल पटेल मंडल अध्यक्ष बोरी, सूरज देशमुख महामंत्री, नीलांबर साहू महामंत्री सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कोहका में स्थापना दिवस पर आयोजन



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर अवंती बाई चौक शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, कोहका मण्डल के अध्यक्ष गोपाल साहू सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत : गजेन्द्र



**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने अपने निवास में कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का ध्वज लगाए और सभी ने पार्टी के सिद्धांतों और राष्ट्रसेवा के संकल्प को दोहराया। दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में दुर्ग भाजपा परिवार के साथ ध्वजारोहण किया गया। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के समर्पण, मेहनत और राष्ट्रहित के प्रति अटूट विश्वास का परिणाम है। बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत हैं, जो दिन-रात जनता की सेवा और संगठन को मजबूत करने में जुटे रहते हैं। इस दौरान भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार, पूर्व मंत्री रमशीला साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### संघ के संस्थापकों को किया याद



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सोमवार को तालपुरी में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद किया गया। पार्षद सविता ढवस ने कहा कि निचले पायदान पर खड़े व्यक्तियों के उत्थान के लिए दिया गया उनका योगदान हम सभी को प्रेरित करता है। आरएसएस के जिला सेवा प्रमुख तोरणलाल सिन्हा ने भारत रत्न और भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी को भी याद किया। पार्षद सविता ढवस ने तोरणलाल का सम्मान भी किया। इस मौके पर विनोद अग्रवाल, नरेंद्र त्रिपाठी, बूथ अध्यक्ष इंद्रपाल कौर विरदी, नमिता गोयल, जयश्री अग्रवाल, झनक सिंग पवार, बीएल अग्रवाल, शरद बोखड़, केएस देशमुख, एमआर चोपकर, रविन्द्रकुमार धनेश्वर आदि मौजूद थे।

### भिलाई तीन में मना भाजपा का स्थापना दिवस



**भिलाई।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर भिलाई तीन मंडल द्वारा सेवा और समर्पण की भावना के साथ राहगीरों एवं भिलाई वासियों के बीच चना मशाला, शरबत वितरण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान भाजपा ने ध्वज का आरोहण किया उसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रवक्ता प्रेम लाल साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। स्थापना दिवस के अवसर पर जरूरतमंदों की सेवा करना ही पार्टी की वास्तविक पहचान है। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल, सुषमा जेठानी,ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर, पूर्व नपा अध्यक्ष सीता साहू, डॉ राधे श्याम वर्मा,राम खिलावन वर्मा, दिलीप पटेल, मंडल अध्यक्ष वरुण यादव, मंडल उपाध्यक्ष रवि नाहर, समीर अग्रवाल, तुलसी ध्रुव, विपिन चंद्राकर, ज्ञानदास मानिकपुरी, प्रेमलता चंद्राकर, हमीद अहमद शाह, राजेंद्र सोनी, मुकेश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### पूर्व मंडल में मना स्थापना दिवस



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी के 47 वे स्थापना दिवस पर भाजपा जिला भिलाई के पूर्व मंडल के द्वारा सेक्टर 5 चौक में शरबत , बिस्कुट आदि का वितरण किया। जिसमें जिला भाजपा भिलाई के अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, पूरब मंडल के अध्यक्ष रोहित साहू , समेत मनोज साव, मोंटू हरपाल, अजय कनौजिया,बृजेश मिश्रा, महेंद्र प्रताप सिंह, श्रीनिवास रायडू, सरोज पाहिद, सीमा देवी, जानकी, बेला महानंद मौजूद थे।

# किशोरियों का होगा वैक्सीनेशन, निकुम सीएचसी में हुई टीकाकरण की शुरुआत

उहरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम में सोमवार को एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान मुख्य चिकित्सा अधिकारी दुर्ग एवं जिला टीकाकरण अधिकारी दुर्ग के निर्देशानुसार तथा खंड चिकित्सा अधिकारी दुर्ग (निकुम) के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत निकुम के सरपंच भागवत राम पटेल के आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर प्रथम टीका ग्राम निकुम की बालिका पायल यादव को लगाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे, जिनमें जीआर भूआर्य खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, तृप्ति तिवारी आरएमए, तुलसी राम यादव सुपरवाइजर, उषा देशमुख एवं ललिता वर्मा महिला सुपरवाइजर, जेस्सी चेरियन एवं सीमा नागवंशी स्टाफ नर्स, यामिनी नेताम फार्मासिस्ट, रेखा निर्मलकर आरएचओ, ओमप्रकाश यादव जेएसए तथा ललिता साहू मितानिन ब्लॉक समन्वयक सहित ग्राम के सभी मितानिन उपस्थित थे।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि एचपीवी वैक्सीनेशन किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एक प्रभावी उपाय है। इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक बालिकाओं को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि भविष्य में इस गंभीर बीमारी के खतरे को कम किया जा सके।



### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाटन व झीट में मुफ्त एचपीवी वैक्सीन

**सेलूद।** विकासखंड पाटन में एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले एवं पार्षद जितेन्द्र निर्मलकर की अध्यक्षता में शुरु हुआ। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट में नीलम चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य के द्वारा शुरुआत किया गया। बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य की दिशा में बड़ा कदम पाटन सामुदायिक व झीट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शासकीय अवकाश को छोड़कर प्रत्येक दिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक, एचपीवी वैक्सीन लगाया जा रहा है। यह वैक्सीन बालिकाओं को केवल एक बार लगने से सर्वाइकल कैंसर से बचाव होता है। जिन बालिकाओं का 14 वर्ष पूर्ण हो गया है लेकिन उसने अपना 15 वां जन्म दिवस नहीं मनाया है। उन्हें एचपीवी वैक्सीन लगाया जाएगा। ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन से सर्वाइकल कैंसर से बचाव लिए लगाया जा रहा है। यह टीका अभिभावक की सहमति के बाद दिया जाएगा इसके लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड लेकर आना है।



## हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को सहेजने का कार्य कर रहा यादव समाज

उहरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



- नगपुरा में यादव समाज सामुदायिक भवन और श्रीकृष्ण मंदिर जीर्णोद्धार का भूमिपूजन

ग्राम नगपुरा में यादव समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत 6 लाख रुपए और श्रीकृष्ण मंदिर जीर्णोद्धार कार्य लागत 3.30 लाख रुपए का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पूजा-अर्चना कर कार्यों की आधारशिला रखी।

विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि ये कार्य क्षेत्र के सामाजिक और धार्मिक विकास को नई दिशा प्रदान करेंगे। यादव समाज प्रदेश का अग्रणी और संगठित समाज है, जिसका योगदान सदैव उल्लेखनीय रहा है। यह हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को सहेजने का कार्य कर रही है। यादव समाज ने सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाया है। वहीं श्रीकृष्ण मंदिर का जीर्णोद्धार हमारी आस्था को मजबूती देगा। इस अवसर पर दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू, जनपद सदस्य नंद कुमार साहू, सरपंच सरोज रिगरी, अंजोरा भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### संगठन को मजबूत बनाने तर्रा में कांग्रेस की बैठक



**सेलूद।** प्रदेश कांग्रेस व जिला कांग्रेस के आह्वान पर सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन द्वारा संगठन सुदृढ़ीकरण के तहत बूथ गठन एवं ग्राम पंचायत अध्यक्ष के साथ साथ संगठन विस्तार के विषय में महत्वपूर्व बैठक तर्रा में किया गया। जहां बूथ स्तर से लेकर ग्राम पंचायत सेक्टर स्तर पर पदाधिकारी नियुक्त कर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर चैतन्य बघेल, आशीष वर्मा, भुवन साहू, देवेंद्र चंद्रवंशी, मोहन साहू, महेंद्र साहू, गोपाल देवांगन, जय श्री वर्मा, खिलावन चंद्राकर, अश्वनी साहू आदि उपस्थित थे।

शोक-संदेश



डॉ. अंचल चन्द्राकर जी
डायरेक्टर-भारती आयुर्वेदिक हॉस्पिटल, दुर्ग

मान्यवर,
अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि डॉ.अंचल चंद्राकर जी का आकस्मिक निधन हो गया है। जिसमें आप सपरिवार पधारकर पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि देकर शांति प्रदान करें।

दशगात्र कार्यक्रम : 07 अप्रैल 2026, दिन - मंगलवार
स्थान : ग्राम कोड़िया (हनोदा) दुर्ग
तालाब का कार्यक्रम – दोपहर 12:00 बजे तक

: विनीत :
दाऊ कुंजलाल चन्द्राकर (दादा)
चुन्नी लाला चन्द्राकर (पिता)
डॉ. झरना चन्द्राकर (पत्नि), वैदिक चन्द्राकर (पुत्र)
जयश्री – मयंक चन्द्राकर (बहन – बहनोई)

: शोक संतप्त :
आनंद, विवेक, जिमी (भाई), ओज, अवि, लाव्या

: शोकाकुल गौतम परिवार :
शत्रुहन, मनोहर, भूषण, राजेद्र, सुरेन्द्र, योगेन्द्र, लिलेन्द्र, शेखर, अशोक, महेन्द्र, रोशन, पप्पू चन्द्राकर (तोरणकट्टा)। थनेन्द्र, ध्रुव, ताम्रकेशव, शेखर, भागवत, चन्द्रकुमार, दीना, दाउलाल, मोहन, रेखराज, विष्णु, नंदू, रामेश्वर,राजू, नवीन, राजेश, सुभाष, गुलाब चन्द्राकर एवं समस्त गौतम परिवार कोड़िया


9111129444, 7898211111, 9827153231, 9165442042
जिन स्वजनों को आमंत्रण न मिला हो, वे कृपया इसे ही आमंत्रण मानें।

## बिजनेस साइट

### मां ने दी किडनी, 19 साल के युवक को मिला नया जीवन



**दुर्ग।** आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने किडनी ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 19 वर्षीय खुमलाल को नया जीवन दिया है। खास बात यह रही कि उसे किडनी उसकी मां ने ही दान की। खुमलाल लंबे समय से किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहा था। हालत ऐसी हो गई थी कि नियमित डायलिसिस के बावजूद सुधार नहीं हो रहा था। परिवार के सामने इलाज की बड़ी चुनौती थी, तभी उसकी मां ने आगे बढ़कर किडनी डोनेट करने का फैसला लिया। अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने इस जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. नवीन राम दारुका और ट्रांसप्लांट फिजिशियन डॉ. आरके साहू की अगुवाई में ऑपरेशन किया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, खुमलाल की हालत अब स्थिर है और वह तेजी से रिकवर कर रहा है। समय पर इलाज और मां के त्याग ने उसकी जिंदगी बचा ली। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि यह सफलता प्रदेश के लिए एक बड़ा संकेत है कि अब छत्तीसगढ़ में ही उच्च स्तरीय ट्रांसप्लांट सुविधाएं उपलब्ध हैं। इससे मरीजों को बाहर जाने की जरूरत कम होगी।



शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषी
पं.एम.पी. शर्मा
माँ दुर्गा बगुलामुखी उपासक
फीस 251/-
माँ कामख्या बगुलामुखी उपासक विगत चालिस वर्षों से
स्थाई तौर पर उपस्थित माँ कामख्या बगुलामुखी की असीम कृपा साधना द्वारा ज्योतिष शास्त्र सम्बन्धित कम्प्यूटर द्वारा जन्मकुण्डली देखते एवं बनाते है। ग्रहों की महादशाओं के शुभ-अशुभ परिणाम आते है। आर्थिक, मानसिक, पारिवारिक, शारीरिक, व्यापार संबंधी कालसर्प दोष, मांगलिक दोष, गृहकलेश, विवाह में बाधा पिशाच दोष, गुप्त शत्रु बाधा, ग्रहण दोष आदि सभी समस्या हेतु पूजा अनुष्ठान बगुलामुखी साधना द्वारा सर्व समस्या हेतु सम्पर्क करें।
विशेष - भक्तगण उच्चाटन, आकर्षण, मस्तिष्क दमन इन बाधाओं से पीड़ित है बगुलामुखी साधना द्वारा समाधान किया जाता है।
समय - सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक शाम 04 बजे से 07 बजे तक
पता : श्री दुर्गा माँ बगुलामुखी ज्योतिष कार्यालय,
धमधा नाका चौक, सुर्या होटल के सामने, दुर्ग (छ.ग.) मो.:8109922001

### करन बने संभागीय संयोजक



**सेलूद।** छग प्रदेश साहू संघ द्वारा करन साहू को संभागीय संयोजक पद पर व अन्य 16 पदाधिकारियों की नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति छग संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू, प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू तथा पदाधिकारियों की सहमति से की गई।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# नालंदा परिसर के काम की रफ्तार धीमी, निगम आयुक्त ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सोमवार की सुबह आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निगम क्षेत्र में जारी कामों का निरीक्षण किया। वे सुबह 8 बजे शहर के विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी लेने निकले। उन्होंने आईटी पार्क, नालंदा परिसर एवं सिविल लाइन क्षेत्र में चल रहे पेवर ब्लॉक कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे। आयुक्त ने सभी स्थलों पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूर्ण किए जाएं, ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द बेहतर सुविधाएं मिल सकें। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि नगर विकास से जुड़े सभी कार्यों में गुणवत्ता एवं समय-सीमा का पालन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमित रूप से कार्यों की मॉनिटरिंग करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें

## आईटी पार्क के कैम्प कार्यालय के रिनोवेशन का काम 15 दिन में पूरा करने के निर्देश, आईआईटी को किया जाना है हैंडओवर

### आईटी पार्क के कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

आईटी पार्क का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने शेष बचे कार्यों को प्राथमिकता के साथ तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देशित किया कि 15 दिनों के भीतर कार्य पूर्ण कर आईआईटी भिलाई को हस्तांतरित किया जाए। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी।



### नालंदा परिसर में कार्यों की गति बढ़ाने के निर्देश

नालंदा परिसर निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए, जिससे परियोजना का लाभ आम नागरिकों को शीघ्र मिल सके।

### सिविल लाइन में पेवर ब्लॉक कार्य पर जताई नाराजगी

सिविल लाइन क्षेत्र में चल रहे पेवर ब्लॉक कार्य का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने कार्य की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, गुणवत्ता में सुधार करते हुए शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के हर पदाधिकारी की बनेगी परफॉर्मेंस रिपोर्ट

**दुर्ग।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पदाधिकारियों की वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि पार्टी के हर पदाधिकारी की परफॉर्मेंस रिपोर्ट तैयार की जाए। ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए यह बैठक हुई। संगठन महामंत्री राजीव गुप्ता ने इस दौरान कहा कि जिम्मेदार पदाधिकारी को अपनी कार्यप्रणाली एवं परफॉर्मेंस रिपोर्ट प्रस्तुत करनी पड़ रही है, जिससे संगठन में पारदर्शिता बढ़ रही है तथा कार्यों में गति आ रही है। कोषाध्यक्ष श्री विक्रांत अग्रवाल ने संगठनात्मक कार्यों में समन्वय, जवाबदेही एवं सक्रियता पर जोर देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राकेश ठाकुर द्वारा प्रत्येक पदाधिकारी से वन-टू-वन चर्चा करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की जा रही है। इस दौरान उन्होंने बूथ स्तर तक की समस्याओं को भी गंभीरता से सुनकर उनके समाधान हेतु आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए।

### अब एमएसएमई एंसिलरी को मिलेगा 10 लाख तक का काम

**भिलाई।** एमएसएमई जिला उद्योग संग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना ने भिलाई स्टील प्लांट



की मैनेजमेंट का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि सहायक उद्योगों के बीच में इंक्वायरीज़ को 7 लाख से बढ़ाकर 12 लाख रुपए करने की मांग की गई थी। बीएसपी मैनेजमेंट ने उसे 10 लाख रुपए कर दिया जिससे एमएसएमई एंसिलरीज़ को राहत मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ इंक्वायरी में प्रीवियस सप्लायर के नाम पर इंक्वायरी के नाम पर बाहरी उद्योग को डाला जाता है। इससे एमएसएमई एंसीलरी को जो लाभ मिलना चाहिए वो नहीं मिल पाता। प्रीवियस सप्लायर को शामिल ना किया जाए। खुराना ने केके झा का आभार जताया है।

### बीआरएम ने किया दस हजार टन डिस्पैच

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) ने वित्तीय वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10,56,373 टन उत्पादन कर 10,59,905 टन डिस्पैच का कीर्तिमान स्थापित किया। स्पेसिफिक हीट एवं पावर खपत, स्पेसिफिक रोल खपत, टोटल यील्ड, मिल यूटिलाइजेशन, हॉट-अवर तथा मिल उपलब्धता आदि मानकों में अब तक के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े प्राप्त किए गए। डायरेक्टर इंचार्ज व सभी कार्यपालक निदेशकों ने हौसला बढ़ाया है।

## जमीन का मुआवजा वर्गफुट की बजाए हेक्टेयर में दिए जाने को लेकर जारी है गतिरोध

# रेलवे परियोजना को लेकर गांवों में तनाव, पुरई में 4 किसानों को हिरासत में लेने के बाद फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खरसिया-परमालकसा रेलवे परियोजना के अंतर्गत दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के प्रभावित गांवों में प्रशासन ने सर्वे का काम शुरू कर दिया है। इधर ग्रामीणों का विरोध लगातार जारी है। उनकी मांग है कि मुआवजा हेक्टेयर के बजाए वर्गफुट में दिया जाए। विरोध के बावजूद सोमवार की सुबह प्रशासन की टीम सर्वे के लिए मौके पर पहुंच गई, जैसे मार्किंग का काम शुरू किया गया, ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी हरवंश मिरी, तहसीलदार क्षमा युद और वसुमित्र दीवान के सामने आपत्ति जताई। तस्वीर लेने के दौरान पुलिस ने ग्रामीणों को रोका। इतना ही नहीं मीडिया से चर्चा के दौरान भी आपत्ति की गई। इसके बाद प्रशासन के निर्देश पर पुलिस ने अमित कुमार साहू पुरई, गोपेश्वर साहू पाऊवारा, धनऊ कोसरे पुरई एवं पुनाराम देवांगन को हिरासत में ले लिया। उन्हें मौके से हटाकर अन्यत्र भेज दिया गया। इसके बाद गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हुई। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित अन्य मौके पर पहुंच गए। बाद में उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंचकर इस पूरे मामले में शिकायत की। तनाव बढ़ता देख बाद में चारों ग्रामीणों को छोड़ दिया गया। शाम को ग्रामीणों ने प्रशासनिक हठधर्मिता के खिलाफ फिर बैठक की। साथ ही उग्र आंदोलन की रणनीति तैयार की।

## कांग्रेस भी मोर्चे पर डटे रहे, कलेक्टर से की शिकायत



### ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर कांग्रेस ने सौंपा 10 सूत्रीय मांगपत्र

खेतों में शुरू किए गए सर्वे के विरोध में सोमवार को कांग्रेस के कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान ग्रामीण भी मौजूद थे। सर्वे के दौरान प्रभावित किसान शांतिपूर्ण तरीके से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपनी मांगों एवं समस्याओं को प्रशासन और मीडिया के समक्ष रख रहे थे। किसानों ने बताया कि वे लंबे समय से अपनी 10 सूत्रीय मांगों, विशेषकर भूमि के बदले चार गुना मुआवजे की मांग को लेकर प्रयासरत हैं और इस संबंध में स्पष्ट एवं सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा रखते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से मुलाकात कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों की मांगों, उनकी भावनाओं एवं उत्पन्न परिस्थिति को गंभीरता से रखते हुए समाधान हेतु सकारात्मक हस्तक्षेप का आग्रह किया। इसके बाद ग्रामीणों को छोड़ा गया। इस दौरान जामवंत गजपाल, राकेश हिरवानी, उत्तरा कोसरे, नासिर खोखर आदि मौजूद थे।

### सर्वे प्रक्रिया में अनियमितता और एकपक्षीय कार्रवाई का लगाया आरोप

पुरई के किसानों ने वर्तमान में चल रहे भूमि सर्वे की प्रक्रिया पर गहरी आपत्ति जताई है। किसानों का आरोप है कि प्रशासन उनके हितों को ताक पर रखकर एकपक्षीय कार्यवाही कर रहा है और उनकी लिखित आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। पुरई के किसानों ने स्पष्ट किया है कि वे क्षेत्र के विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन सर्वे के नाम पर अपनाए जा रहे तरीकों से असंतुष्ट हैं। किसानों का कहना है कि पूर्व में दी गई लिखित आपत्तियों पर अब तक कोई प्रशासनिक कार्यवाही



या संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। नायब तहसीलदार द्वारा रविवार के दिन सभा बुलाना संदेहास्पद है, जिसके लिए कोई ठोस लिखित आदेश किसानों के सामने प्रस्तुत नहीं किया गया है। सर्वे का आधार और भविष्य की योजना को लेकर पारदर्शिता का अभाव है। प्रभावित किसानों ने इस संबंध मेंमुख्य सचिव, जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी शिकायतों का निराकरण नहीं हो जाता, तब तक सर्वे या अधिग्रहण संबंधी किसी भी कार्य पर रोक लगाई जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी लोकतांत्रिक मांगों को नजरअंदाज किया गया और जबरन एकपक्षीय कार्यवाही जारी रही, तो उन्हें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# शहर के विभिन्न विकास कार्यों का आयुक्त ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर पालिक निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों और भविष्य की कार्ययोजनाओं का निरीक्षण करने के लिए दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गुणवत्तापूर्ण निर्माण और समय सीमा के भीतर कार्यों को पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण की शुरुआत आयुक्त द्वारा निगम के मुख्य कार्यालय के सामने पूर्व निर्मित सीसी रोड के अवलोकन से हुई। उन्होंने सड़क की वर्तमान स्थिति, फिनिशिंग और मजबूती का बारीकी से निरीक्षण किया। सड़क के आसपास जल भराव न हो, इसके लिए उन्होंने ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त रखने के संबंध में संबंधित इंजीनियरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तत्पश्चात, आयुक्त नेहरू नगर पूर्व स्थित कमर्शियल परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने परिसर में स्थित पुरानी पानी टंकी की स्थिति का जायजा लिया और सुरक्षा मानकों का दिशानिर्देश दिए। क्षेत्र में आवागमन को सुगम बनाने के लिए प्रस्तावित नई सड़क के स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने स्थल के अनुरूप कार्य जल्द शुरू करने की प्रक्रिया को गति देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

■ नेहरू नगर पूर्व में पुरानी पानी टंकी और प्रस्तावित रोड का लिया जायजा

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें ताकि आम नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान निगम के जोन आयुक्त अजय राजपूत, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, उप अभियंता बसंत साहू, पुरुषोत्तम सिंहा, रीमा जमुलकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी आदि उपस्थित थे।

# एचएमआईएस अपॉइंटमेंट मॉड्यूल उद्घाटित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटल हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) के अपॉइंटमेंट मॉड्यूल का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम ने किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर व डॉ. उदय कुमार उपस्थित थे।

■ मरीजों को करना होगा कम इंतजार

मुख्य अतिथि ने कहा कि बीएसपी स्वास्थ्य मित्र मोबाइल एप एवं एचएमआईएस वेब पोर्टल के एकीकरण से मरीजों के प्रतीक्षा समय में कमी आएगी तथा पंजीकरण काउंटरों पर लगने वाली लंबी कतारों से मुक्ति मिलेगी। कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को पारदर्शी, त्वरित एवं मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। डॉ. विनीता द्विवेदी ने कहा कि यह अपॉइंटमेंट मॉड्यूल अस्पताल के व्यापक डिजिटल इकोसिस्टम का एक महत्वपूर्ण अंग है।

### रोडमैप का प्रस्तुतिकरण

एचएमआईएस अपॉइंटमेंट मॉड्यूल में उपयोगकर्ता-अनुकूल सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके माध्यम से मरीज अब बीएसपी स्वास्थ्य मित्र एप अथवा एचएमआईएस वेब पोर्टल के जरिए दूरस्थ रूप से ओपीडी अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं। प्रणाली में चिकित्सकों की उपलब्धता एवं विभागीय समय-सारणी की रियल-टाइम जानकारी उपलब्ध होती है। इस दौरान एचएमआईएस टीम द्वारा अस्पताल के डिजिटल रोडमैप का भी प्रस्तुतीकरण किया गया।

# बीएसपी में हादसे रोकने और श्रमिकों की सुरक्षा पर दें ध्यान

**भिलाई।** भिलाई कर्मचारी यूनियन ने भिलाई इस्पात संयंत्र में बढ़ रही दुर्घटनाओं व ठेका श्रमिकों की मौत पर चिंता जताई है। यूनियन ने शुक्रवार को ठेका मजदूर की मौत के की जांच व सुरक्षा पर ध्यान देने की मांग प्रबंधन से की है। यूनियन की हुई बैठक में पदाधिकारियों ने कहा किउच्च प्रबंधन अपनी ओर से लगातार सुरक्षित कार्य पर जोर दे रहा है इसके बाद भी हादसे बढ़ रहे हैं। ठेकेदारों व अधिकारियों की लापरवाही की जांच होना चाहिए। क्या ब्लास्ट फर्नेस में खोम लाल वर्मा जब 30 फीट की हाइट पर काम करने जा रहा था तो क्या उसे फुल बॉडी हार्नेस दिया गया था। उसे काम के लिए भेजने वाले अधिकारी या सुपरवाइजर ने उसे वहां जोखिम की जानकारी दी थी। क्या इलेक्ट्रिकल शटडाउन लिया गया था। बैठक में यूनियन ने दुर्घटनाएं रोकने के लिए नियमित कर्मचारियों की भर्ती करने, सिर्फ नियमित से ही क्रेन चलवाने, केबिन में सिर्फ बाकी टाकी का इस्तेमाल होने व क्रेन ऑपरेटर का मेडिकल चेकअप हर 6 महीने में आंख कान का मेडिकल चेकअप की करवाने की मांग की गई। बैठक में अध्यक्ष राजेश चौहान, महामंत्री अशोक कुमार माहौर व कार्यकारी अध्यक्ष आनंद पांडेय सहित निवास मिश्रा कोषाध्यक्ष प्रवीण मार्दीकर उपाध्यक्ष अवधेश पांडेय आदि उपस्थित थे।



# 7 करोड़ से बनेगी साइंस कॉलेज से शहीद चौक तक 1100 मीटर लंबी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मालवीय नगर चौक से स्टेशन तक ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए साइंस कॉलेज केनाल से स्टेशन होते हुए शहीद चौक तक करीब 1100 मीटर सड़क बनेगी। सड़क 10 मीटर चौड़ी होगी। करीब 6.64 करोड़ रुपए की इस सड़क का काम जल्द शुरू होगा।



शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने सड़क को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात शीघ्र ही भूमि पूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। यह मार्ग दुर्ग शहर का पहला केनाल रोड होगा, जो शहर के यातायात तंत्र को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यादव ने कहा कि दुर्ग शहर के समग्र विकास और नागरिकों की सुविधा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। केनाल रोड के निर्माण से न केवल यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में विकास की नई संभावनाएं भी खुलेंगी। उन्होंने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री एवं वित्त विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में दुर्ग को आधुनिक एवं सुव्यवस्थित शहर बनाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। केनाल रोड बनने से भिलाई की ओर से आने वाहन सीधे ग्रीन चौक होते हुए आगे बढ़ जायेंगे इससे समय और ईंधन की बचत होगी तथा चौड़ी सड़क से आवागमन सुरक्षित होगा।

■ कार्य एजेंसी तय होने के साथ जल्द शुरू होगा काम, मंत्री गजेंद्र यादव ने ली जानकारी

## भिलाई-चरोदा में सफाई सिस्टम सुधार के लिए करोड़ों का प्लान

# संसाधनों की कमी से वार्डों में सफाई व्यवस्था प्रभावित, खरीदी प्रक्रिया की शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था इन दिनों गंभीर संकट से गुजर रही है। संसाधनों की भारी कमी के कारण शहर के 40 वार्डों में कचरा उठाने का काम प्रभावित हो रहा है, जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई इलाकों में नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी का अंबार लगने लगा है।

जानकारी के मुताबिक, नगर निगम के पास कचरा उठाने के लिए उपलब्ध 17 रिक्शा खराब हालत में पड़े हुए हैं, जिससे डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन लगभग ठप हो गया है। वहीं, पूरे निगम क्षेत्र में महज तीन टिप्पर के भरोसे कचरा उठाने का काम किया जा रहा है। इतने सीमित संसाधनों के साथ 40 वार्डों में नियमित सफाई बनाए रखना निगम के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। सिर्फ कचरा परिवहन ही नहीं, बल्कि सफाई से जुड़े अन्य संसाधनों की भी कमी सामने आ रही है। पर्याप्त संख्या में उपकरण और वाहन नहीं होने से सफाई कर्मचारियों को काम करने में कठिनाई हो रही है, जिसका सीधा असर शहर की स्वच्छता पर पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए निगम आयुक्त ने जरूरी संसाधनों की खरीदी के लिए आदेश जारी कर दिए हैं। इसके तहत नए रिक्शा, वाहन और अन्य उपकरण खरीदे जाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, ताकि सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाया जा सके। आयुक्त का कहना है कि जल्द ही नए संसाधन उपलब्ध होने के बाद सफाई व्यवस्था में सुधार देखने को मिलेगा। हालांकि, तब तक शहरवासियों को गंदगी और अव्यवस्था से जूझना पड़ सकता है।




### सामान खरीदने दिए गए निर्देश

सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने लगातार प्रयास किया जा रहा है। सास्थ्य विभाग में संसाधनों की कमी न हो इसलिए नए सामानों की खरीदी के निर्देश दिए गए है। मेरे द्वारा स्वयं वार्डों का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया जा रहा है।

**डीएस राजपूत,** आयुक्त नगर निगम भिलाई-चरोदा

### शहर की सफाई के लिए नया रोडमैप कई योजनाओं पर करोड़ों खर्च

भिलाई-चरोदा निगम क्षेत्र में बिगड़ती सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नगर निगम ने बड़े स्तर पर खर्च की तैयारी की है। गत दिनों पारित बजट के अनुसार पर्याप्त सफाई कर्मचारियों की कमी को देखते हुए अब सफाई का ठेका देने के लिए करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। सीवरलाइन निर्माण और मरम्मत के लिए 1 करोड़ रुपए अलग से रखे गए हैं। वहीं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत करने के लिए कंपोस्ट प्लांट निर्माण पर करीब 4 करोड़ 85 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जरूरी उपकरण और सामग्री की खरीदी पर भी 4 करोड़ 50 लाख रुपए का बजट तय किया गया है। इसके अलावा शहर में 6 नए एसएलआरएम सेंटर बनाए जाएंगे, जिन पर करीब 1 करोड़ 65 लाख रुपए खर्च होंगे। ये सेंटर मोरिद, समता कॉलोनी, हथखोज और दादर जैसे इलाकों में विकसित किए जाएंगे। साथ ही कचरा प्रबंधन को और मजबूत करने के लिए वार्ड 4 जरवाय समेत अन्य एसएलआरएम सेंटर के उन्नयन पर भी करीब 4 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 7 अप्रैल 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

### पौधों को सेहत देने जरूरी टिप्स

- पौधों को हरभरा रखने के लिए सुबह या शाम को ही पानी दें।
- गमले में ड्रेनेज अच्छा रखें।
- बहुत तेज धूप में ग्रीन नेट का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- हफ्ते में 1–2 बार खाद डालें।



## लाइव इवेंट

### गर्मी में रेल यात्रियों को मिली राहत ठंडा पानी का किया गया वितरण



**भिलाई।** भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए श्री सांई नाथ जन सेवा समिति द्वारा सामाजिक सेवा के अंतर्गत भिलाई पॉवर हॉउस रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के सामान्य कोच में यात्रा कर रहे यात्रियों को ठंडे पानी की बोतलों का वितरण किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि गर्मी के मौसम में सामान्य डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी होती है। जिसे ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा यह सेवा कार्य किया गया ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

- श्री सांई नाथ जन सेवा समिति का आयोजन

इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्वयं उपस्थित रहकर यात्रियों को ठंडे पानी की बोतलें वितरित की और सभी से गर्मी में स्वास्थ्य का ध्यान रखने और अधिक से अधिक पानी पीने की अपील भी की। साथ ही अन्य सामाजिक समितियों से अपील किया गया कि आप सब भी मानवता का मिसाल कायम करते हुए इस गर्मी के मौसम में अपने नजदीकी रेलवे स्टेशन में जाकर यात्रियों को ठंडा पानी वितरण करे। क्योंकि जितना ज्यादा समितियां इस कार्य को करेंगे उतना सहयोग ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को मिल पायेगा।।

इस सेवा कार्य में मुख्यरूप से के कामेश्वरी, डॉ. के चिरंजीवुलु, के उमाशंकर राव, एम पापराव, के. गणपति, दुर्योधन राव, सीएच अप्पलस्वामी, जी माधव राव, जे डी खान, गोपाल यादव, श्रीनू चरोदा, जी जगन्नाथ राव, के कृष्णा मूर्ति, कृष्णा मूर्ति, बबलू, आर बालराजू, यू अनिल कुमार की विशेष उपस्थिति रही। यात्रियों ने समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

समिति ने आगे भी ऐसे सामाजिक कार्य करते रहने का संकल्प लेते हुए प्रत्येक रविवार को रेलवे स्टेशन ठंडा पानी वितरण करने के लिए सभी को सहयोग करने अपील की।



## सिटी इवेंट

### स्कूली बच्चों ने किताबी ज्ञान के साथ सीखा रचनात्मक कौशल और कला



**भिलाई।** पीएम श्री सेजेस बोरी में विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए एक दिवसीय प्री-वोकेशनल एजुकेशन वर्कशॉप पूर्व-व्यावसायिक शिक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप यह कार्यशाला स्कूली बच्चों में किताबी ज्ञान के साथ-साथ रचनात्मक कौशल और कलात्मक अभिरुचि को जागृत करने के लिए की गई थी।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में संगीत नगरी खैरागढ़ से आए राज्यपाल द्वारा सम्मानित किशोर कुमार शर्मा कला एवं शिक्षा ने बच्चों को चित्रकला की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने स्वयं चित्र बनाकर बच्चों को प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया और बताया कि कैसे कला अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। शिक्षक एवं बांस कलाकार चैन लाल मरकाम ने बांस शिल्प और कला के माध्यम से रचनात्मकता को प्रदर्शित किया। कार्यशाला के दौरान बच्चों ने न केवल विशेषज्ञों को सुना, बल्कि स्वयं भी रंगों और कूचियों के माध्यम से अपनी कल्पनाओं को कागज पर उतारा। कलाकारों ने बच्चों को बताया कि व्यावसायिक शिक्षा भविष्य में स्वावलंबन के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राम सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया और शिक्षा के साथ कौशल विकास की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला में व्याख्याता गुलनाज, धीरजा चौधरी, राजेश शुक्ला, अरुण कुमार चौबे, हिमांशु सिंह, पृथ्वी, सरस्वती थापलियाल सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा विशेषज्ञों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यशाला से छात्र-छात्राओं में उत्साह दिखाई दिया।

- प्री-वोकेशनल एजुकेशन कार्यशाला में दिखा बच्चों में उत्साह

### रामचरितमानस विश्व का कल्याण करने वाला ग्रंथ : राजहंस

**भिलाई/ निकुम।** छत्तीसगढ़ के लोक प्रसिद्ध राजहंस मानस परिवार सोनसायटोला अंबागढ़ चौकी से आए मानसगान वाचक भरद्वाज के श्रीमुख से ग्राम भोथली में गौठान मैदान में रामचरितमानस के श्रीमुख से राम नाम अमृत गंगा बह रही है, जिसमें आयोजक प्रमुख समाज सेवी व पूर्व सरपंच भोथली के दिव्यांग सुरेश साहू व समस्त ग्राम वासियों व क्षेत्र वासियों के सहयोग से सफलता पूर्वक कथा सम्पन्न हुआ।

**ट्विनसिटी के प्रकृति प्रेमी घर की छत और बालकनी को हरा-भरा रखने नर्सरी की सुध ले रहे**

# गर्मी में प्रकृति प्रेमी फुलवारी को सजाने नर्सरी में जीनिया गेंदा, चमेली और बोगनवेलिया क्रेज, खरीद रहे नए गमले

**अप्रैल महीने की शुरुआत से गर्मी अपने चरम पर है। तेज धूप की तपन तो अब मनुष्य नहीं सह पा रहा है। ऐसी झुलसा देने वाली तेज धूप में छोटे पौधों को भी सीधे धूप सहना पड़ता है। सूरज की तेज किरणें पानी को सोख लेती हैं, जिससे पौधे मुरझा जाते हैं। लेकिन ट्विनसिटी के प्रकृतिप्रेमी अपने घरों के बगीचे और टेरिस गार्डन को सजाने में काफी जतन कर रहे हैं। इसके लिए लोग शहर की अलग अलग नर्सरी में जाकर विशेषकर गर्मी में खिलने वाले आउटडोर और इनडोर प्लांट की जानकारी लेकर खरीद रहे हैं।**

**भिलाई।** गर्मी में कम पानी का उपयोग करने पर भी हरा-भरा रहने वाले देशी पौधों को प्रकृति प्रेमी घर की छत और बालकनी ही नहीं, बल्कि गार्डन को संवारने में रुचि ले रहे हैं। इस सीजन में भी गेंदा, चमेली, बोगनवेलिया, बटन फ्लावर, जीनिया जैसे पौधों का क्रेज है। नर्सरी संचालकों से इनकी मांग लोग सबसे ज्यादा कर रहे हैं, जबकि नर्सरी में देशी-विदेशी फूलों की भारी मांग है। इसमें बोगनविलिया, गेंदा, चमेली और हाइब्रिड गुलाब के पौधों को लोग ज्यादा प्राथमिकता दे रहे हैं। पानी कम सोखने वाले और तेज धूप में फलने-फूलने वाले पौधे जैसे पोर्टुलाका की मांग, घरों को हरा-भरा रखने के लिए बढ़ी है। साथ ही, रसोइयों में उपयोग आने वाले हर्बल पौधों को भी लोग खरीदना पसंद कर रहे हैं।





### खरीद रहे सुगंध बिखेरने वाले पौधे और गमले

नर्सरी संचालक राहुल ने बताया कि वो लोग ऐसे पौधों को प्रमुखता से बेच रहे हैं, जिन्हें कम पानी और कम रखरखाव की जरूरत पड़ती है। हर्बल और खुशबूदार पौधों को गर्मियों में ताजगी के लिए लोग गमलों में सजाना पसंद करते हैं। उन्होंने बताया 30 से 100 रुपए की रेंज में पौधों को लेने के साथ ही 15 से 1200 रुपए प्रति नग की दर से प्लास्टिक और 550 से 4 हजार की रेंज में लोग गमलों को भी खरीदते हैं। नए पौधे लेकर जाने वाले ज्यादातर लोग गमलों की डिमांड करते हैं। वर्तमान में ग्रीन नेट की मांग भी बाजार में काफी बढ़ गई है। रोजाना सीधे धूप झेलने की वजह से पौधे पूरी तरह से सूख जाते है और फिर से इसमें हरियाली आना संभव नहीं हो पाता है।

### इन पौधों की गर्मी में खूब पूछपरख

नर्सरी संचालक रोहित और हरेंद्र ने बताया कि देशी पौधों में जीनिया और बोगनविलिया के विभिन्न रंग वाले पौधे पहली प्राथमिकता में हैं। इनके अलावा चमेली, गेंदा, मोंगरा और गुड़हल की मांग सबसे ज्यादा करते हैं। वहीं, विदेशी और हाइब्रिड पौधे में हाइबिड गुलाब और पोर्टुलाका को लोग विशेष रूप से घरों की सजावट के लिए कर रहे हैं। लोग इंडोर प्लांट्स के साथ तेज धूप को सहने वाले स्थायी फूलदार पौधों को प्राथमिकता दे रहे हैं। नर्सरी में देखभाल करने वाले अनुप बेहरा ने बताया कि कम देखभाल वाले पौधों को हमेशा रिस्पांस मिलता है। गर्मी के मौसम में ऐसे फूलों वाले पौधे लगाने चाहिए जो तेज धूप सहन कर सकें और कम पानी में भी अच्छे से खिलें। खासकर ट्विनसिटी भिलाई-दुर्ग जैसे गर्म इलाकों में ये पौधे ज्यादा अच्छे से खिल जाते हैं।

### गर्मी में लगाने वाले प्रमुख फूलदार पौधे



- गेंदा सबसे आसान और लोकप्रिय पौधा, तेज धूप में भी खूब खिलता है और कम देखभाल में भी बढ़ता रहता है।



- बोगनवेलिया गर्मी का सबसे बेस्ट पौधा, बहुत कम पानी में भी बढ़ता है, जो गुलाबी, सफेद, नारंगी अलग-अलग रंगों में मिलता है।



- चमेली खुशबूदार फूल, धूप में भी अच्छा बढ़ता है, बालकनी और गार्डन दोनों के लिए अच्छा ऑप्शन है।



- मोगरा सुगंध के लिए खास, गर्मियों में खूब फूल देने के साथ ही घर को महकाने के लिए बेस्ट।



- गुड़हल बड़े और आकर्षक फूल रोज धूप मिलने पर अच्छी ग्रोथ करते है जो पूजा में भी उपयोगी रहता है।



- पोर्टुलाका बहुत कम पानी में भी जिंदा रहता है, जमीन पर फैलने वाला रंग-बिरंगा पौधा जो टेरेस गार्डन के लिए परफेक्ट।



- जीनिया रंग-बिरंगे फूल गर्मी में तेजी से बढ़ता है और बीज से आसानी से उगता है।



- कॉसमॉस हल्के और खूबसूरत फूल होते है जो तेज धूप में भी अच्छी ग्रोथ करते है।

### सभी में जागृत होनी चाहिए समाजसेवा की भावना



**भिलाई।** साहू युवा फ्रेंड्स सोसायटी भिलाई द्वारा दशरथ सुमित्रा भवन मिनाक्षी नगर में कर्मा उत्सव मनाया गया। सोसायटी के संस्थापक आर लखेन्द्र साहू महासचिव कर्मा विद्यालय भिलाई ने माता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सभी में समाजसेवा की भावना जागृत होना चाहिए। युवाओं को एकजुट करने 13 जून 1999 प्रारंभ किया गया। दाऊ होमन साहू केशियर को श्रीफल गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन आर लखेन्द्र साहू ने किया। इस अवसर पर घनश्याम साहू, इंद्र कुमार साहू, होमन सिंह, थंगेश्वर साहूजी, झग्गर सिंह साहू, दुलेन्द्र कुमार साहू आदि उपस्थित थे।

### एबीयूएस ने किया महाभोग का वितरण



**भिलाई।** राम नवमी और हनुमान जन्म दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय उड़िया समाज द्वारा पिंपलेश्वर महाराज मनोकामना सिद्ध मंदिर सेक्टर 6, सड़क 13 प्रांगण में हर वर्ष की तरह इस वर्ष महाभोग का वितरण प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी के नेतृत्व में किया गया। महासचिव तरुण निहाल ने कहा कि समाज को एकसूत्र में बांधने के लिए इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए। एबीयूएस लगातार सामाजिक कार्य करता आ रहा है। आने वाले समय में भी इत तरह के कई आयोजन किए जाएगें। इस दौरान एबीयूएस के प्रदेश महासचिव तरुण निहाल, मोंटू हरपाल, मनोज दुर्गा, रामभजन विभार, सी कमलू, उ गोरंगा, सुमित सोना, राम सिंग, कृष्णा चौहान, गोपाल, गर्व, युगांश, विदुर तांडी समेत समाज के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रिसामा में सुंदरकांड पाठ व बाल आध्यात्मिक ज्ञान प्रतियोगिता



**भिलाई/ अंडा।** रिसामा में श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण बाल आध्यात्मिक ज्ञान प्रतियोगिता एवं सामूहिक सुंदरकांड पाठ आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन दो वर्गों कक्षा 6वीं से 8वीं और कक्षा 9वीं से 10वीं में किया गया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे कक्षा 6वीं से 8वीं वर्ग में प्रथम मोहित साहू, द्वितीय यामिनी ठाकुर, तृतीय तान्या निर्मलकर। कक्षा 9वीं से 10वीं वर्ग में प्रथम खनक चंद्राकर, द्वितीय अंजली साहू, तृतीय लोकेश्वरी साहू। सामूहिक सुंदरकांड पाठ में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से सहभागिता की।

**आईडीए दुर्ग-भिलाई और ऑफिसर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर**

# विश्व स्वास्थ्य दिवस- 25 यूनिट रक्तदान कर सेवा का लिया संकल्प, डॉक्टर्स की भूमिका महत्वपूर्ण

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई द्वारा मानवता की सेवा में एक नया अध्याय जोड़ते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आईडीए द्वारा आयोजित इस सेवा कार्य में बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन और आरोग्य ब्लड डोनेशन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर के आयोजन में संस्था के सदस्यों ने भी उत्साह पूर्वक आगे आकर रक्तदान किया।



### सेवा का संकल्प- 25 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

आईडीए दुर्ग-भिलाई की अध्यक्ष डॉ दिप्ती राठौर के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में दंत चिकित्सकों और बीएसपी अधिकारियों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। आरोग्य ब्लड बैंक संस्थान की टीम की देखरेख में सुरक्षित रूप से कुल 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस आयोजन में ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर इस निस्वार्थ समर्थन के लिए आईडीए दुर्ग-भिलाई की ओर से उन्हें प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित कर सभी का आभार व्यक्त किया।



### बेहतरीन समन्वय और मार्गदर्शन

एक दिवसीय सेवा कार्यक्रम के समन्वय डॉक्टर सुयोग जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सेक्रेटरी डॉक्टर सायली कुरैशी और डॉक्टर सविता कबडवाल का विशेष मार्गदर्शन और सक्रिय सहयोग रहा। शिविर में ब्रांच के अन्य वरिष्ठ एवं युवा चिकित्सकों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रमुख रुप से मुख्य रूप से डॉक्टर दीपक जैन, डॉक्टर प्रणव जैन, डॉक्टर नावेद खान, डॉक्टर मंजू यादव, डॉक्टर दीक्षाली इंदुरकर, डॉक्टर आस्था श्रीवास्तव, डॉक्टर स्मिता श्रीवास्तव, डॉक्टर रिया जैन, डॉक्टर रजत जैन, डॉक्टर हितेश तावरी, डॉक्टर सुधांशु और डॉक्टर प्रशांत देवांगन शामिल थे। सभी ने स्वयं रक्तदान कर समाज को सेवा का संदेश दिया। इस दौरान सदस्यों ने कहा कि रक्तदान महादान है और हमारी पूरी टीम इस पुनीत कार्य का हिस्सा बनकर गौरवान्वित है।

इस अवसर पर आईडीए दुर्ग-भिलाई की अध्यक्ष डॉ दिप्ती राठौर ने कहा एक चिकित्सक का धर्म केवल उपचार करना नहीं, बल्कि जीवन बचाना भी है। ऑफिसर्स एसोसिएशन और आरोग्य ब्लड बैंक के साथ मिलकर किया गया यह साझा प्रयास उन मरीजों के लिए एक उम्मीद है जिन्हें समय पर रक्त की आवश्यकता होती है।

सिटी इवेंट

## स्वरोजगार प्रशिक्षण लेकर विद्यार्थी बनेंगे आत्मनिर्भर



**भिलाई।** पंद्रह दिवसीय मशरूम उत्पादन एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय में जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया गया। जैव प्रौद्योगिकी की विभागाध्यक्ष डॉ



शिवानी हरम ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों को बताते हुए कहा की विद्यार्थियों एवं स्थानीय प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीकों से अवगत कराने तथा उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉक्टर दीपक शर्मा ने मशरूम उत्पादन एवं उससे जुड़े स्वरोजगार के अवसरों पर प्रशिक्षण देने विभाग को बधाई दी। प्राचार्य डॉ हंसा शुक्ला ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग की सराहना करते हुए कहा कि मशरूम उत्पादन एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसमें कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मशरूम का परिचय और प्रकार बटन, ऑयस्टर आदि की जानकारी दी गई। उसके बाद सब्सट्रेट कम्पोस्ट की तैयारी की विधि, स्पॉन बीज का चयन एवं उपयोग, तापमान और आर्द्रता का नियंत्रण, रोग एवं कीट प्रबंधन फसल की कटाई एवं भंडारण तकनीक विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिसके रिया मंडल सहायक प्राध्यापक जैव प्रौद्योगिकी ने प्रतिभागियों को मशरूम से निर्मित विभिन्न न्यूट्रास्यूटिकल उत्पादों तथा मशरूम पापड़, मशरूम अचार, मशरूम सूप पाउडर एवं मशरूम चिप्स बनाने का भी प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे अपने उत्पादन को विविध रूपों में बाजार में बेच सकें तथा स्वरोजगार के रूप में अपना सकें। प्रतिभागियों को उत्पादों के मूल्य निर्धारण, पैकेजिंग एवं विपणन संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई, जिससे वे अधिक आय प्राप्त करने के लिए व्यावसायिक दृष्टिकोण विकसित कर सकें। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण में काफी रुचि दिखाते हुए इसे अपने रोजगार के रूप में अपनाने की बातें कही। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यावसायिक कौशल को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ।

हेल्थ लाइव

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगाए एचपीवी के टीके



**भिलाई।** दुर्ग जिले में सोमवार को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इसके तहत लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में कार्यक्रम का आयोजन कर बालिकाओं को टीके लगाए गए। लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में वैशाली विधायक रिकेश सेन ने एचपीवी टीकाकरण के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पहले दिन 14 से लेकर 15 वर्ष से कम आयु वर्ग की 5 बालिकाओं को टीके लगाए गए। सभी बालिकाओं को टीकाकरण कार्ड व उपहार भेंट किए गए। टीकाकरण शशि कुर्रे और सरोज साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन दुर्ग डॉ. आशीषन मिंज, प्रभारी लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय सुपेला डॉ. पीयम सिंह, डॉ. बी वाहने, डॉ. विनीता रत्नानी, डॉ. मंजू राठोर, चिकित्सा अधिकारी बीईटीओ हितेन्द्र कोसरे, एरिया कोर्डिनेटर पुष्पा मिश्रा, शामीम बनो, टॉमिन साहू, सीमा हेल्पडेस्क, केएल कुमारी, मितानिन ट्रेनर आरती वर्मा, कल्पना, बबिता, नविता वर्मा, जमुना, मंजू मिश्रा सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



## इनर व्हील क्लब ऑफ दुर्ग ने तालाब किनारे लगाया शेड, किया सेवा कार्य



**भिलाई।** इनर व्हील क्लब ऑफ दुर्ग द्वारा समाजहित में एक सराहनीय पहल करते हुए कादंबरी नगर तालाब परिसर में शेड और बेंचेस देकर उसका उद्घाटन किया गया। यह पहल न केवल आम नागरिकों को आराम एवं सुविधा प्रदान करेगी, बल्कि सार्वजनिक स्थलों को और अधिक व्यवस्थित, स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। कार्यक्रम में दुर्ग महापौर अलका वाघमार प्रमुख रुप से उपस्थित रही। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष नताशा दुआ और सचिव स्नेहा मित्तल ने कार्यक्रम के उद्देश्यो की जानकारी दी। कार्यक्रम में पीडीसी चित्रा बहादुर, रसिका बहादुर सहित क्लब की सक्रिय सदस्य रीता, कांता, रश्मि, संगीता, ग्रिश्मा, लक्ष्मी, पिंकी, मोनिका, नीति एवं भावना मनसुखानी की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए इसे सेवा, समर्पण और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरणादायक उदाहरण बताया। क्लब की अध्यक्ष नताशा दुआ ने अपनी पूरी टीम को इस आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम कहा।

● रोजगार दिवस पर मनरेगा और आवास योजनाओं के साथ जल संरक्षण पर विशेष जोर

# गांव की महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर, सरकारी योजनाओं से जोड़कर दिया जा रहा रोजगार, जल संरक्षण की मुहिम

**दुर्ग।** जिले में ग्रामीण परिवेशन में निवास करने वाली महिलाएं जल्द आत्मनिर्भर बनेंगी। उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। इसे लेकर ग्राम पंचायतों में 7 अप्रैल को रोजगार दिवस, आवास दिवस और चावल महोत्सव के आयोजन के साथ ग्रामीण विकास की नई तस्वीर उभरने जा रही है। शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जल संरक्षण और आजीविका संवर्धन को एक साथ गति देने की तैयारी पूरी कर ली गई है। ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन और जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए व्यापक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इतना ही नहीं पानी को सहेजने और भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए भी महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिला पंचायत के सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि पहले लंबित समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है।



### आवास योजनाओं पर विशेष फोकस

आवास योजनाओं के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सहित स्वीकृत सभी आवासों को 90 दिनों के भीतर पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। हितग्राहियों को स्वीकृत राशि की जानकारी देने के साथ उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा। स्व-सहायता समूह की महिलाओं को निर्माण सामग्री आपूर्ति और आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, वहीं हितग्राहियों रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। साथ ही लंबित जियो-टैगिंग कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।





### मनरेगा एवं जल संरक्षण पर विशेष जोर

महात्मा गांधी नरेगा के तहत प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने और मांग आधारित नए कार्य शुरू करने पर चर्चा होगी। मोर-गांव-मोर-पानी अभियान के तहत नवा तरिया आय के जरिया पहल को बढ़ावा देते हुए दो माह के भीतर नए तालाब निर्माण की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसमें जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के साथ स्लोगन, नारे और जिंगल के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

### आजीविका संवर्धन एवं तकनीकी नवाचार

आजीविका डबरी के माध्यम से आयवर्धन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं बनाई जायेगी। मनरेगा एवं आवास योजनाओं के प्रचार के लिए क्यूआर कोड का उपयोग किया जाएगा, जिससे आमजन को योजनाओं की जानकारी आसानी से मिल सके।नागरिक सूचना पटल पर स्व-सहायता समूह से जुड़े परिवार की महिला सदस्य का नाम अंकित किया जाएगा। साथ ही अमृत सरोवरों के सूचना पटल पर भी क्यूआर कोड के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिससे गांवों में जल संसाधनों का सतत विकास संभव हो सके।

खेती में नवाचार

## किसानों की मेहनत और नई सोच लाई रंग तरबूज की खेती बनी किसानों की पहली पसंद

**भिलाई।** गर्मी के मौसम में जहां खेत सूखे नजर आते हैं, वहीं जिले के आदर्श ग्राम कोडिया में इस बार खेतों में लहलहाते तरबूज किसानों की मेहनत और नई सोच की कहानी बयां कर रहे हैं। गांव के किसानों ने बड़े पैमाने पर तरबूज की खेती कर न सिर्फ उत्पादन बढ़ाया है, बल्कि अच्छी आमदनी भी हासिल की है।गांव में इस साल करीब 55 एकड़ में तरबूज की खेती की गई है। इसमें बाहरी किसानों की भागीदारी भी देखने को मिली, जो नई तकनीक और अनुभव के साथ खेती को और उन्नत बना रहे हैं। किसान शेखर चंद्राकर, चुन्नी चंद्राकर और जिमी चंद्राकर के खेतों में तरबूज की फसल खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनोरा की बीएससी कृषि अंतिम वर्ष की छात्रा दिव्या देशमुख ने ग्रामीण पत्रकारिता अध्ययन के दौरान गांव का दौरा कर किसानों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कोडिया में लगभग 55 एकड़ में तरबूज की खेती की गई है, जिसमें स्थानीय किसानों के साथ बाहरी किसान भी जुड़े हैं।



### नई तकनीक से बढ़ी पैदावार

किसानों शेखर, चुन्नी और जिमी चंद्राकर के खेतों में इस बार उन्नत तकनीकों का उपयोग किया गया है। पखांजूर कांकेर से आए किसान अनूप विश्वास और गौतम देवनाथ ने यहां टपक सिंचाई और मल्चिंग तकनीक के जरिए खेती को नया आयाम दिया है। किसानों के मुताबिक अनुकूल मौसम, समय पर सिंचाई और उर्वरक के संतुलित उपयोग से फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### बाजार में बढ़ी मांग, किसानों को मिला फायदा

गर्मी के मौसम में तरबूज की बढ़ती मांग ने किसानों की आय में इजाफा किया है। बाजार में अच्छी कीमत मिलने से किसानों को इस बार खेती का बेहतर लाभ मिल रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किसान वैज्ञानिक पद्धतियों जैसे ड्रिप इरिगेशन और मल्चिंग को अपनाते हैं, तो तरबूज की खेती एक स्थायी और लाभदायक विकल्प बन सकती है। गांव के किसान अब पारंपरिक फसलों के साथ-साथ तरबूज की खेती को प्राथमिकता देने लगे हैं। इससे न सिर्फ उनकी आय बढ़ रही है, बल्कि खेती के प्रति उनका नजरिया भी बदल रहा है।

जागरुकता कार्यक्रम

## बीएसपी में ठेका श्रमिक कार्यक्रम महिला श्रमिकों को किया जागरूक



**भिलाई।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन - आईआर एवं सीएलसी द्वारा मानव संसाधन विकास केन्द्र में "नारी शक्तिः ठेका श्रमिक कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन

■ 170 महिला ठेका श्रमिकों ने लिया हिस्सा

कुमार और विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी जेएन ठाकुर, संजीव श्रीवास्तव तथा विकास चंद्रा थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा ही सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है, जिससे व्यक्ति न केवल स्वयं बल्कि अपने परिवार एवं समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।



श्री ठाकुर ने अधिकार एवं कर्तव्य के संतुलन को समझने का आग्रह किया। कार्यक्रम में 170 महिला ठेका श्रमिकों ने खेल, क्विज़ एवं जागरूकता गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक प्रियंका मीना, उप प्रबंधक समयला अंसारी ने किया।

दुर्ग के महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक उत्सव में दिखी संस्कृतिक विविधता

## नृत्य नाटिका में अशोक वाटिका में मां सीता की व्यथा और कृष्ण की नटखट लीलाओं ने किया मंत्रमुग्ध, भांगड़ा ने जमाया रंग

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** खालसा कॉलेज दुर्ग में वार्षिक उत्सव अभिव्यक्ति का शानदार आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। जिसमें नृत्य नाटिका के माध्यम से अशोक वाटिका में मां सीता की व्यथा का बखान किया, वहीं भरतनाट्यम से महाभारत के सार और कृष्ण की नटखट लीलाओं ने दर्शकों का ध्यान खींचा। वहीं भांगड़ा नृत्य ने दर्शकों में उत्साह भर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खालसा एजुकेशन सोसाइटी के चेयरमैन सरदार त्रिलोक सिंह ढिल्लों और खालसा स्कूल मैनेजिंग कमेटी प्रेसिडेंट सरदार राजेंद्र पाल सिंह भाटिया उपस्थित थे। राजकीय व राष्ट्रीय गीत के बाद मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।कॉलेज के डायरेक्टर सरदार हरमीत सिंह भाटिया ने स्वागत उद्बोधन द्वारा विद्यार्थी और शिक्षकों को कार्यक्रम की शुभकामनाएं देते हुए प्रस्तुतियों की सराहना की। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुनीता बोकडे द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।





### डांस और गाने से उत्सव में जमाया रंग

गणेश वंदना के साथ रंगारंग कार्यक्रम की शुरूआत हुई। जहां ट्विंकल और ग्रुप ने नृत्य नाटिका के माध्यम से अशोक वाटिका में मां सीता की व्यथा का बखान किया, वहीं भरतनाट्यम द्वारा छात्रा निकिता ने महाभारत के सार को रखने का प्रयास किया। पायल शर्मा समूह ने कृष्ण की नटखट लीलाओं द्वारा दर्शकों का ध्यान खींचा। तो हिमांशी व समूह ने भांगड़ा नृत्य द्वारा दर्शकों में उत्साह भर दिया। लोक रागिनी मालती निषाद ने अपने गायकी से अतिथियों का दिल जीता।





### प्रतिभावान हुए पुरस्कृत

कॉलेज के बीएड के छात्र शुभम जायसवाल को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के बीएड मेरिट लिस्ट में पांचवा स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सृष्टि वर्मा को कक्षा में प्रथम स्थान, सुतापा विश्वास को द्वितीय स्थान और प्रियंका को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। चौथे सेमेस्टर से छात्र नवीन देवांगन और छात्रा करुणा मंडल को प्रथम स्थान, नेखा नायर को द्वितीय एवं हिमांशी, किंजल और आरती सोनी को तृतीय स्थान प्राप्त किए जाने पर सर्टिफिकेट और मेडल से पुरस्कृत किया गया।गैर शैक्षणिक अवार्ड के अंतर्गत विद्यार्थियों को अनुशासन, उपस्थिति, तत्परता, सामाजिक सहभागिता जैसे मापदंडों पर मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। खालसा एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष सरदार त्रिलोक सिंह ढिल्लों ने विद्यार्थियों के शैक्षिक प्रगति एवं प्रस्तुत सांस्कृतिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीषा वर्मा और आभार व्यक्त ललिता परमार सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। इस अवसर पर खालसा कॉलेज के सभी प्राध्यापक प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

ज्योतिष

## वैशाख माह में बन रहे 3 शक्तिशाली राजयोग, इन राशियों को होगा बड़ा लाभ



वैदिक ज्योतिष के अनुसार वैशाख महीने में ग्रहों की स्थिति बहुत खास रहने वाली है। इस महीने की शुरुआत से पहले, 2 अप्रैल 2026 को मंगल ग्रह का उदय हुआ, और शनि, मंगल तथा सूर्य ने मिलकर मीन राशि में त्रिग्रही योग' बनाया है। आने वाले दिनों में, सूर्य, बुध और शुक्र का महत्वपूर्ण उदय होगा और शनि भी उदित होंगे। 11 अप्रैल 2026 को, बुध मीन राशि में प्रवेश करेंगे, जिससे चार ग्रहों के मिलन के कारण चतुर ग्रह योग का निर्माण होगा। इसी समय सूर्य और बुध का मिलन बुधादित्य राजयोग प्रदान करेगा और सूर्य तथा मंगल का मिलन मंगल आदित्य योग भी बनाएगा। फिर 14 अप्रैल को सूर्य मेष राशि में प्रवेश करेंगे। 19 अप्रैल को शुक्र अपनी स्वराशि वृषभ में प्रवेश करेंगे जिसके परिणामस्वरूप मालव्य राजयोग बनेगा। इसे एक बहुत ही शुभ और धन-दायक योग माना जाता है। इसके बाद 30 अप्रैल को बुध मेष राशि में दिखाई देंगे। इन सभी ग्रहों की चाल और इनसे बनने वाले राजयोग का प्रभाव विशेष रूप से चार राशियों के जातकों के लिए अत्यंत लाभकारी रहने की संभावना है।

**मेष राशि :** वैशाख महीने का दूसरा आधा हिस्सा मेष राशि वालों के लिए विशेष रूप से शुभ रहेगा। करियर में अधिकारियों के साथ तालमेल अच्छा रहेगा। काम में सहयोग बढ़ेगा और तरक्की के अवसर मिलेंगे। सरकारी विभागों से जुड़े काम पूरे होने की अधिक संभावना है। स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। इस दौरान मन की शांति और निजी जीवन में सुकून भी संभव है।

**वृषभ राशि :** इस महीने वृषभ राशि वालों को धन-समृद्धि और मान-सम्मान में वृद्धि का आशीर्वाद मिलेगा। चूंकि उनके स्वामी शुक्र अपनी ही राशि वृषभ में प्रवेश कर रहे हैं। जीवन में धन-संपत्ति बढ़ेगी। विलासिता की वस्तुओं को खरीदने का अवसर मिलेगा। आपको नौकरी के क्षेत्र में कोई उच्च पद या बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी और निजी जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

**मिथुन राशि :** वैशाख का महीना मिथुन राशि वालों के लिए करियर में तरक्की के अच्छे अवसर लेकर आएगा। शुरुआत में कुछ बदलाव असामान्य लग सकते हैं, लेकिन भविष्य में वे फायदेमंद साबित होंगे। आर्थिक स्थिति समृद्ध रहेगी। घर में सुखद माहौल रहेगा और पारिवारिक एकता की संभावना बढ़ेगी। नए प्रोजेक्ट्स में सफलता मिलने के अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

**कुंभ राशि :** यह समय कुंभ राशि वालों के लिए व्यापार और करियर के लिहाज़ से अच्छा है। व्यापार में तेजी आएगी। बड़ी डील और नए अवसर मिलेंगे। यदि आप अपने गुस्से पर काबू रखते हुए धैर्य से काम लेंगे तो यह महीना कई क्षेत्रों में लाभ लेकर आएगा। नए प्रोजेक्ट्स में सफलता मिलने के योग प्रबल हैं।

## घर से निकलते ही इन चीजों का दिखना देता है शुभ संकेत



हिंदू धर्म में वास्तु शास्त्र को एक महत्वपूर्ण स्थान दिया जाता है। प्राचीन काल से ही यह मान्यता रही है कि यदि घर की बनावट, वस्तुओं की व्यवस्था और हमारी दिनचर्या वास्तु के अनुरूप हो, तो जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बना रहता है। यह ऊर्जा हमारे मन को सुकून देने के साथ हमारे काम, व्यवसाय और रिश्तों पर भी अच्छा असर डालती है। यही कारण है कि आज भी लोग किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत से पहले वास्तु से जुड़े संकेतों पर ध्यान देते हैं।

**महिला को घड़े में पानी ले जाते देखना :** यदि कोई महिला घड़े में पानी लेकर जाती हुई नजर आए, तो इसे भी शुभ माना जाता है। यह दृश्य घर में खुशहाली और बरकत आने का प्रतीक होता है। मान्यता है कि इससे कामों में आ रही रुकावटें दूर होती हैं और कार्य आसानी से पूरे होते हैं, खासकर नौकरी या व्यापार से जुड़े कामों में।

**ब्राह्मण को पुस्तक के साथ देखना :** यदि किसी ब्राह्मण को पूजा-पाठ के लिए जाते हुए और उनके हाथ में धार्मिक पुस्तक दिखाई दे, तो इसे बेहद सकारात्मक संकेत माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इससे अधूरे कार्य पूरे होने के योग बनते हैं और दिन आच्छा रहता है।

**शंख और मछली का दिखना :** वास्तु के अनुसार शंख और मछली दोनों ही शुभता के प्रतीक हैं। घर से निकलते समय यदि इनमें से किसी का दर्शन हो जाए, तो इसे लाभदायक संकेत माना जाता है। शंख पवित्रता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है, वहीं मछली को धन और तरक्की से जोड़ा जाता है।

### 20 साल के युवा भी इसकी चपेट में आ रहे हैं

# हार्ट-किडनी का दुश्मन है हाई ब्लड प्रेशर कहीं आप भी तो नहीं हैं इसका शिकार?

लाइफस्टाइल-खानपान में गड़बड़ी, तनाव और शारीरिक गतिविधियों में कमी ने हाई ब्लड प्रेशर की समस्या को आम बना दिया है। पहले इसे 50 की उम्र के बाद होने वाली बीमारी माना जाता था, लेकिन अब 20 साल के युवा भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। सबसे खतरनाक बात यह है कि अक्सर इसके कोई साफ लक्षण नहीं दिखते, इसलिए इसे साइलेंट किलर भी कहा जाता है। ब्लड प्रेशर बढ़ना हार्ट, किडनी और दिमाग को नुकसान पहुंचा सकता है।



### ब्लड प्रेशर बढ़ने की समस्या

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर हम सभी सिर्फ अपनी लाइफस्टाइल और आहार को ही ठीक कर लें तो ब्लड प्रेशर की समस्या को काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है।

हाई ब्लड प्रेशर धमनियों को प्रभावित करती है। यदि आपको उच्च रक्तचाप है, तो इसका मतलब है कि धमनी की दीवारों के खिलाफ रक्त का प्रेशर लगातार बहुत अधिक है। रक्त पंप करने के लिए हृदय को अधिक मेहनत करनी पड़ती है। इस स्थिति को शरीर में कई गंभीर और जानलेवा समस्याओं का कारण माना जाता है।

### क्यों बढ़ता है ब्लड प्रेशर?

ब्लड प्रेशर मुख्यरूप से दो चीजों से निर्धारित होता है- हृदय कितना रक्त पंप करता है और धमनियों के माध्यम से रक्त किस तरह से संचारित होता है। हृदय जितना अधिक रक्त पंप करता है और धमनियां जितनी संकरी होती हैं, रक्तचाप उतना ही अधिक होता है। इसके अधिक होने के कई कारण हो सकते हैं जैसे फैमिली हिस्ट्री, मोटापा, व्यायाम की कमी होना, भोजन में नमक की अधिकता या फिर कोई अंतर्निहित बीमारी।

### कहीं आप भी तो नहीं हैं हाई ब्लड प्रेशर का शिकार?

हाई बीपी वाले लोगों के शरीर में कई तरह की दिक्कतें होने लगती हैं जो गंभीर स्थितियों में हृदय की जानलेवा समस्याओं का कारण भी बन सकती हैं। इन लक्षणों की समय रहते पहचान जरूरी है।

गंभीर सिरदर्द-छाती में दर्द।
चक्कर आना।
अक्सर सांस लेने में दिक्कत।
जी मिचलाना-उल्टी
धुंधला दिखाई देना
चिंता-घबराहट होना।

### ब्लड प्रेशर बढ़ जाए तो क्या करें?

यदि आप पहले से ही ब्लड प्रेशर की दवा ले रहे हैं तो नियमित रूप से ब्लड प्रेशर की जांच करते रहें। अगर यह बढ़ता है तो इसे कंट्रोल करने के तरीकों पर ध्यान दें। अपनी जीवनशैली में बदलाव करके रक्तचाप को नियंत्रित किया जा सकता है।

भोजन में नमक की मात्रा कम करें, हृदय को स्वस्थ रखने वाले आहार का सेवन करें।
नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम करें।
वजन को स्वस्थ बनाए रखें, वजन को बढ़ने न दें।
शराब- धूम्रपान से बिल्कुल दूरी बनाकर रखें।



## 25 के बाद घटने लगता है कोलेजन!

आजकल मार्केट में महंगे-महंगे कोलेजन सप्लीमेंट्स आने लगे हैं। स्किन एक्सपर्ट्स इन्हें अपनी डाइट में शामिल करने की भी सलाह देते हैं, जो बिल्कुल सही है। दरअसल, कोलेजन एक प्रोटीन है, जो हमारे बालों और स्किन की हेल्थ में काफी अहम भूमिका निभाता है। 25-30 की उम्र के बाद धीरे-धीरे शरीर में इसकी मात्रा कम होने लगती है, जिससे रिंकल, लूज स्किन और हेयर फॉल जैसी समस्या देखने को मिल सकती हैं। इसलिए जरूरी है कि अपनी डाइट में आप कुछ ऐसे फूड्स शामिल करें, जिससे शरीर में कोलेजन प्रोडक्शन बूस्ट हो। चूंकि कोलेजन सप्लीमेंट्स काफी महंगे होते हैं, तो हर किसी के बजट में फिट होना मुश्किल है। लेकिन कुछ ऐसे वेजिटेरियन फूड्स को आप अपनी डाइट में जरूर शामिल कर सकते हैं, जो शरीर में कोलेजन प्रोडक्शन को बूस्ट कर सकते हैं।

### अपनी डाइट में शामिल करें लाल-लाल टमाटर



एक्सपर्ट्स की मानें तो टमाटर स्किन के लिए काफी अच्छा होता है। दरअसल, इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन सी और लाइकोपीन होता है, जो एक पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट है। ये आपकी स्किन को यूवी डैमेज से प्रोटेक्ट करता है और कोलेजन प्रोडक्शन को सपोर्ट करता है। आप सलाद, सूप, जूस या सब्जी के रूप में टमाटर को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

### हरी पत्तेदार सब्जियां अपनी डाइट में शामिल करें

हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मेथी, सरसों और केल सिर्फ आपकी सेहत ही नहीं, बल्कि स्किन के लिए भी बेहद फायदेमंद हैं। इनमें भी विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा भरपूर होती है, जो कोलेजन के प्रोडक्शन और प्रिजर्वेशन में काफी अहम भूमिका निभाता है। ये स्किन की इलास्टिसिटी को भी बेहतर बनाती हैं, जिससे स्किन ग्लोइंग और हेल्दी होती है।

### कोलेजन बूस्ट करती हैं बेरीज

बेरीज जैसे स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी और रास्पबेरी विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स का एक अच्छा नेचुरल सोर्स हैं। अगर आप इन्हें अपनी नियमित डाइट का हिस्सा बनाते हैं तो कोलेजन के निर्माण में मदद मिलती है। ये फ्री रेडिकल्स से भी लड़ती हैं और एजिंग के साइन कम करने में सहायक होती हैं।

### खट्टे फल (सिट्रस फ्रूट्स) स्किन के लिए वरदान हैं

खट्टे फल जैसे संतरा, नींबू, आंवला और अंगूर विटामिन सी का अच्छा सोर्स हैं। दरअसल विटामिन सी ही वो जरूरी पोषक तत्व है जो कोलेजन के प्रोडक्शन में मदद करता है। ये ग्लोइंग स्किन और एंटी एजिंग में भी काफी हेल्पफुल है। स्किन और बालों का ध्यान रखना चाहते हैं तो इन खट्टे फलों को अपनी डेली डाइट का हिस्सा जरूर बनाएं।

### नट्स और सीड्स भी हैं फायदेमंद

नट्स और सीड्स जैसे बादाम, अखरोट, कद्दू के बीज, चिया सीड्स और सूरजमुखी के बीज आदि प्रोटीन, विटामिन ई, जिंक और हेल्दी फैट्स का सोर्स होते हैं। ये स्किन को अंदर से पोषण देते हैं और कॉलेजन प्रोडक्शन में भी मदद करते हैं। इन्हें आप अपनी डाइट में स्नैक के रूप में या सलाद और स्मूदी में डालकर शामिल कर सकते हैं।

## हाथ-पैरों में मोच लगते ही सबसे बड़ी गलती करते हैं लोग!

हाथ-पैर या शरीर के किसी हिस्से में जैसे ही अंदरूनी चोट लगती है। मतलब मसल्स में खिंचाव आ जाता है तो ज्यादातर लोग इसका गलत इलाज करते हैं। ऐसा हम नहीं इंस्टाग्राम पर होमियोपैथी के डॉक्टर निश्चल गुप्ता ने बताया। दरअसल, मांसपेशियों में तनाव और खिंचाव यानि स्प्रेन और स्ट्रेन आ जाने पर अक्सर लोग उस जगह पर अंदरूनी दर्द कम करने वाली दवा को लगाकर मसाज करते हैं और गर्म पट्टी बांध देते हैं। जबकि ये पूरी तरह से गलत है। डॉक्टर का कहना है कि जब भी मसल्स या अंदरूनी हिस्से में इस तरह की चोट या मोच लगे तो उस पर गर्म सिंकाई नहीं करना चाहिए। मोच का फर्स्ट एड नियम बहुत ही आसान है, जिसे हर किसी को याद रखना चाहिए।



जब भी किसी के हाथ-पैर में मोच लग जाए या अंदरूनी चोट लगे तो उसे गर्म सिंकाई देने की गलती ना करें, बल्कि राइस यानी आरआईसीई का नियम याद रखें।

आर का मतलब है रेस्ट, आई का मतलब है आइस, सी का मतलब है कम्प्रेसन, ई वहीं ई का मतलब है एलिवेशन। इन चारों को डिटेल में समझें तो सबसे पहले चोट लगने पर रेस्ट करें। मोच लगे या चोट लगे हाथ-पैर को आराम दें, उससे काम ना लें।

मोच लगी हुई जगह पर बर्फ की ठंडी सिंकाई करें। इससे मसल्स की टेंशन दूर होगी और वो रिलैक्स होंगी। कंप्रेशन यानि कि चोट वाली जगह पर कम से कम दबाव डालें। उस जगह पर किसी तरह का प्रेशर डालने से बचें। इससे मसल्स पर ज्यादा दबाव बढ़ता है और चोट में ज्यादा दर्द होने लगता है। एलिवेशन यानि कि हाथ-पैर जहां पर भी चोट लगी है उसे हार्ड सरफेस से ऊपर कर किसी मुलायम सॉफ्ट सरफेस पर रखें। एलिवेशन का भी कंप्रेशन से कनेक्शन है। इससे चोट पर प्रेशर कम पड़ेगा।

**गर्म सिंकाई के नुकसान :** जब आप गर्म चीज से मोच पर सिंकाई कर देते हैं तो इससे फौरन तो दर्द से राहत मिलते महसूस होती है। लेकिन ये दर्द कुछ ही देर रहता है क्योंकि गर्म सिंकाई से दर्द और सूजन दोनों ही बढ़ जाता है। जबकि ठंडी बर्फ से सिंकाई करने से चोट वाली जगह पर खून की नसें सिकुड़ जाती हैं। जिससे दर्द और सूजन से राहत मिलती है।

## बनी रहती है थकान-कमजोरी और कोलेस्ट्रॉल भी रहता है हाई? डाइट में इस बदलाव से मिलेगा लाभ

क्या आपको भी अक्सर थकान-कमजोरी बनी रहती है, कुछ भी काम करने का मन नहीं करता, शरीर में लगातार दर्द बना रहता है, ये सभी स्थितियां सीधा संकेत करती हैं कि आपकी डाइट गड़बड़ है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जब आहार से शरीर को पर्याप्त मात्रा में पोषण नहीं मिल रहा होता है तो इसका असर संपूर्ण स्वास्थ्य पर पड़ता है।

थकान-कमजोरी और अक्सर शरीर में दर्द बना रहना प्रोटीन, आयरन, विटामिन बी12 और हेल्दी फैट्स की कमी का संकेत हो सकता है। आहार विशेषज्ञ कहते हैं, संतुलित आहार लेने से ऊर्जा स्तर बेहतर होता है, इम्यून सिस्टम मजबूत होता है और मांसपेशियां स्वस्थ रहती हैं। ऐसे में सभी लोगों के लिए जरूरी है कि आप अपनी डाइट पर खास ध्यान दें।

हमारे आहार में कई ऐसी चीजें हैं जो सस्ती होने के साथ पौष्टिकता से भरपूर होती हैं। मखाना और मूंगफली जैसे साधारण से लगने वाले स्नैक्स पोषण का बड़ा खजाना हो सकते हैं।

**पोषक तत्वों की कमी से बढ़ सकती हैं दिक्कतें :** आहार विशेषज्ञ पूजा शर्मा कहती हैं, शरीर में कमजोरी होने का मुख्य कारण पोषक तत्वों की कमी है। आयरन की कमी से एनीमिया होता है, जिससे थकान और चक्कर आते हैं। प्रोटीन की कमी से मांसपेशियां कमजोर होती हैं। विटामिन बी12 और डी की कमी भी लगातार थकान का कारण बनती है। इसलिए इन सभी पोषक तत्वों से भरपूर चीजों को आहार में शामिल करना जरूरी हो जाता है। मखाना और मूंगफली सभी लोगों के लिए अच्छा विकल्प है। डायबिटीज वाले भी इसके सेवन से लाभ पा सकते हैं।



**मखाना और मूंगफली :** आहार विशेषज्ञ बताती हैं, मखाना-मूंगफली में वे सभी पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं जो शरीर में पर्याप्त ऊर्जा बना रखने में मददगार हो सकते हैं।

मखाना प्रोटीन, कैल्शियम, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। यह लो कैलोरी के साथ लो फैट वाला स्नैक है, जो वजन कंट्रोल करते हुए ऊर्जा देता है।

मूंगफली में उच्च गुणवत्ता का प्रोटीन, हेल्दी फैट्स, आयरन और विटामिन बी कॉम्प्लेक्स पाए जाते हैं। यह मांसपेशियों को मजबूत बनाने और तुरंत ऊर्जा देने में मदद करती है।

कार्नर न्यूज

### नया वैरिएंट 23 से अधिक देशों में फैल चुका है

# 70 से ज्यादा म्यूटेशन वाला कोरोना का नया वैरिएंट कितना खतरनाक, किसे ज्यादा खतरा?

कुछ महीनों से शांत पड़ा कोरोनावायरस इन दिनों एक बार फिर से सुर्खियों में है। इस बार चिंता की वजह सिर्फ नया वैरिएंट नहीं है, बल्कि वायरस में नोटिस किए गए 70 से ज्यादा म्यूटेशन को लेकर विशेषज्ञों ने अलर्ट किया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में जेनेटिक बदलाव वायरस को ज्यादा संक्रामक बना सकते हैं। शुरुआती रिपोर्ट्स में पता चला है कि यह इम्यून सिस्टम को चकमा देने में पहले की तुलना में ज्यादा सक्षम हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक स्वास्थ्य एजेंसियां लगातार कोरोना के इस नए खतरे की निगरानी कर रही हैं और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। ये नया वैरिएंट 23 से अधिक देशों में फैल चुका है। इससे उन लोगों में भी संक्रमण का खतरा जताया जा रहा है जो पहले के संक्रमण और वैक्सीन से इम्युनिटी बना चुके थे।



### वायरस में म्यूटेशन इसे बना रहा है चिंताजनक

अध्ययनों से पता चलता है कि वायरस में म्यूटेशन होना सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन जब किसी वैरिएंट में बड़ी संख्या में बदलाव आते हैं तो वह पहले की तुलना में ज्यादा संक्रामक और इम्युनिटी को चकमा देने वाला हो सकता है। प्रारंभिक डेटा से संकेत मिलता है कि कोरोना के संक्रमण की रफ्तार फिलहाल तो ज्यादा नहीं है लेकिन कुछ लोगों में इससे ज्यादा खतरा हो सकता है। सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) की रिपोर्ट के अनुसार ये नया वैरिएंट अब तक 23 देशों में और अमेरिका के 25 स्टेट्स के सीवेज के पानी में भी पाया गया है। यूनाइटेड किंगडम (यूके) फिलहाल इससे सबसे अधिक प्रभावित माना जा रहा है। अमेरिका में अभी ये कम स्तर पर फैल रहा है, हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना के शांत होने के बाद से दुनियाभर में टेस्टिंग भी कम कर दी गई थी, इसलिए हो सकता है कि यह जितना अभी पता है उससे कहीं ज्यादा फैला हुआ हो।

### किसे इस नए वैरिएंट से खतरा ज्यादा

वैज्ञानिकों का कहना है कि कोरोना की लहर शांत होने के बाद दुनियाभर में वैक्सीनेशन की दर भी काफी कम हो गई थी। इस वजह से ज्यादातर लोगों में आखिरी टीका लगे दो साल से ज्यादा का समय हो गया है। लोगों की वायरस के प्रति इम्युनिटी पहले जैसी नहीं है, ऐसे में जहां इसका प्रसार है वहां सभी आयु वालों में इसका खतरा हो सकता है।

नया वैरिएंट सिकाडा वैसे तो सभी आयु वर्ग के लोगों को संक्रमित करने वाला हो सकता है, पर ये मुख्य रूप से बच्चों को प्रभावित करता दिख रहा है। हालांकि, यह बच्चों या बड़ों में कोई ज्यादा गंभीर बीमारी पैदा नहीं कर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि वायरस अपना वह पैटर्न तोड़ रहा है जिसमें ये मुख्य रूप से बुजुर्गों के लिए खतरा बना रहता था।



### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

लीड्स यूनिवर्सिटी के वायरल ऑन्कोलॉजिस्ट प्रोफेसर स्टीफन ग्रिफिन कहते हैं, बच्चों में बढ़ते खतरे की वजह जॉइंट कमिटी ऑन वैक्सीनेशन एंड इम्यूनाइजेशन (जेसीवीआई) की 'दूरदर्शिता की कमी वाली' सलाह है, जिसमें बच्चों के लिए वैक्सीन को 'वैकल्पिक' रखने की बात कही गई थी।

पिछली लहरों के दौरान दोबारा संक्रमण होने और बच्चों में लॉन्ग कोविड के जोखिमों को ध्यान में नहीं रखा गया था। ऐसे में हमें यह याद रखना चाहिए कि अभी भी बहुत से लोग वैक्सीन से मिलने वाली सुरक्षा से वंचित हैं। ये वायरस पहले से ही वैक्सीन से बनी इम्युनिटी को चकमा देने वाला पाया गया है, ऐसे में खतरा और भी ज्यादा हो सकता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## गिगि ने महीनों बाद तोड़ी चुप्पी कोई लेना-देना नहीं है एपस्टीन से



पिछले दिनों अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने एपस्टीन फाइल मामले से जुड़े कुछ दस्तावेज जारी किए थे। इन दस्तावेजों में दिसंबर 2015 का एक ईमेल भी शामिल है। इसमें एपस्टीन से एक व्यक्ति गिगी और उनकी बहन बेला हदीद की पेशेवर सफलता के बारे में पूछा रहा है। इस बातचीत में उस अज्ञात व्यक्ति ने दोनों बहनों सफलता पर सवाल उठाए थे। एपस्टीन फाइन से जुड़े दस्तावेजों में जब एक अज्ञात व्यक्ति ने एपस्टीन से पूछा कि गिगि हदीद और उसकी बहन कैसे इतनी ज्यादा कमाई कर रही हैं। एपस्टीन ने मेल पर जवाब दिया था कि सुपरमॉडल के पिता कॅरियर में आर्थिक मदद करते हैं, पिता के कारण ही गिगि और बेला हदीद मशहूर हुईं। जब एपस्टीन फाइल में गिगि हदीद का जिक्र हुआ तो फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स ने तरह-तरह की बातें करना शुरू कर दिया, इसका असर गिगि हदीद की इमेज पर हुआ। इस मामले में अब वह खुलकर बोली हैं। अपनी चुप्पी को गिगि हदीद ने तोड़ दिया है गिगि हदीद ने कहा, 'मुझे बहुत ज्यादा घिन आ रही थी। किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में पढ़ना बहुत ही भयानक अनुभव है जिससे आप कभी मिले भी नहीं। वह आपके बारे में इस तरह की बातें कर रहा हो।' गिगि ने आगे कहा कि वह अब तक इसलिए चुप थी क्योंकि वह नहीं चाहती थी कि एपस्टीन के पीड़ितों से लोगों का ध्यान भटके। लेकिन, लोगों ने उनकी चुप्पी का गलत मतलब निकाला है।

### टॉलीवुड

## प्रभास की फिल्म फौजी के सेट से तस्वीरें हुईं लीक तो मचा हड़कंप




प्रभास की आने वाली फिल्म 'फौजी' के सेट से कुछ तस्वीरें लीक हो गई हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों को यूजर्स भी धड़ल्ले से शेयर कर रहे हैं। यह देख फिल्म के मेकर्स ने तस्वीरें सर्कुलेट करने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन की चेतावनी दी है। 'फौजी' एक तेलुगू फिल्म है, जिसका काफी समय से इंतजार है। इसमें प्रभास के ऑपोजिट इमानवी हैं। फिल्म को हनु राघवपुडी ने डायरेक्ट किया है। हाल ही 'फौजी' के सेट से तस्वीरें लीक हुईं, तो मेकर्स तुरंत हरकत में आ गए। उन्होंने एक्स पर फिल्म के लीक कंटेंट को लेकर यूजर्स को चेतावनी दी कि वो इसे सर्कुलेट न करें। जो ऐसा करेगा, उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। हमें पता चला है कि कुछ अकाउंट फौजी के सेट से लीक हुई तस्वीरें फैला रहे हैं। प्लीज इसे एक सख्त चेतावनी समझें- कंटेंट को रिपोर्ट किया जाएगा और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ जरूरी कार्रवाई की जाएगी। मेकर्स ने ट्वीट में आगे लिखा है, 'इन लीक से हमारे द्वारा तैयार किए जा रहे अनुभव पर बुरा असर पड़ रहा है, जो हम बहुत ही सावधानी से तैयार कर रहे हैं। बड़े पर्दे पर जो आने वाला है, वह कहीं अधिक भव्य होगा और इंतजार के लायक होगा। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि लीक हुए कंटेंट को शेयर करने या उससे जुड़ने से बचें।' वहीं, डायरेक्टर हनु राघवपुडी ने भी ट्वीट किया, 'हमने 'फौजी' में अपना दिल लगा दिया है ताकि आपको कुछ खास दे सकें। सभी से विनम्र निवेदन है कि प्लीज लीक के जरिए इसका जादू खराब न करें। आइए इसे उसी तरह अनुभव करें जैसे इसे होना चाहिए, सिनेमाघरों में एक साथ।

### भोजपुरी

## अक्षरा के घर पर मचा बवाल मां ने रखी अपनी शर्त



अभिनेत्री अक्षरा सिंह भोजपुरी इंडस्ट्री का चर्चित नाम है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने ब्लॉग पर घर में चल रहे बवाल को दिखाया। इसमें उनकी मां नीलिमा सिंह और पिता के बीच झड़प हो रही थी। बात इतनी बढ़ गई कि उनकी मां ने एक्टेस को रसोई-घर अलग करने तक के लिए कह दिया। जहां अक्षरा सिंह भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री का एक जाना माना नाम हैं। वहीं उनकी मां नीलिमा सिंह भी मशहूर टीवी एक्ट्रेस हैं। मगर हाल ही में अक्षरा के घर पर कुछ ऐसा हुआ कि उन्हें अपनी मां का गुस्सा झेलना पड़ा। व्लॉग के मुताबिक एक्ट्रेस के माता-पिता घर में मटन बनाने को लेकर लड़ रहे थे। जहां उनके पिता चाहते थे कि घर के किचन में ही मटन बने, वहीं उनकी मां ने इससे साफ इंकार कर दिया। साथ ही कहा कि उनके जीते जी घर में मटन नहीं आएगा। वीडियो में आगे अक्षरा अपने पैरेंट्स के बीच हो रही इस बहस का हिस्सा बन जाती हैं। झगड़े में अक्षरा अपने पिता का समर्थन करते हुए कहती हैं कि घर में मटन बनाया जा सकता है। इसके बाद ही उनकी मां नीलिमा से तीखी बहस हो जाती है। हालांकि, इस व्लॉग के अंत में नीलिमा घर के अंदर मटन बनाने की इजाजत दे देती हैं। मगर इसके साथ एक शर्त भी रखती हैं। वो कहती हैं कि नॉन वेज बनाने के लिए घर पर अलग से चूल्हा और बर्तन रखना होगा। अक्षरा सिंह का 'चटर-पटर' व्लॉग फैंस के बीच काफी पॉपुलर है। एक्ट्रेस अपने परिवार के साथ हर हफ्ते एक व्लॉग डालती हैं। अपने चैनल के माध्यम से वो बिहार के रख-रखाव और खाने के बारे में बात करती हैं। इस बार उन्होंने पिता के साथ मिलकर चंपारण मटन बनाया। वहीं पिछले वीडियो में उन्होंने पनीर मसाला की मजेदार रेसिपी शेयर की थी।

## लाइफ स्टाइल

मुंबई फैशन वीक में एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने डिजाइनर अमित अग्रवाल की बनाई ब्लैक गाउन ड्रेस पहनकर रैंप वॉक की। साथ ही हीरे और पन्नों वाली ज्वेलरी भी पहनी थी। हेयरस्टाइल के तौर पर जूड़ा बनाया हुआ था, इसमें से कुछ लटें खुली हुई थीं। उसके इस लुक और ड्रेस ने फैंस का दिल जीत लिया।



ड्रेस ने फैंस का दिल जीत लिया

## 5 मिनट में ठंडी और ग्लोइंग स्किन, घर पर बनाएं ये कमाल के फेस पैक

गर्मी का मौसम केवल तापमान नहीं बढ़ाता है, बल्कि यह त्वचा की सहनशक्ति को भी चुनौती देता है। अब ऐसी भीषण गर्मी में हर किसी के पास एसी तो नहीं होता और सच कहें तो हर समय उसके भरोसे रहना भी सही नहीं। असली स्किन केयर वहीं है, जहाँ प्राकृतिक ठंडक, अनुशासन और सही घरेलू उपाय मिलते हैं। इस गर्मी में अगर आप भी अपनी स्किन को ठंडा रहना चाहते हैं तो ऐसे ऐसे असरदार और आसान तरीके जानें जो बिना एसी के भी आपकी त्वचा को ठंडक, नमी और चमक दे सकते हैं।

**ठंडा नहीं, संतुलित पानी पिएं :** बहुत ठंडा पानी शरीर को राहत देता है, लेकिन स्किन को अंदर से हाइड्रेट रखने के लिए सामान्य या हल्का ठंडा पानी ही बेहतर है।

**दिन में 2 बार हल्का फेस वॉश :** बार-बार चेहरा धोना स्किन को और ऑयली बना देता है। सुबह और रात, बस यही नियम काफी है।

**ठंडी पट्टी :** रूमाल को ठंडे पानी में भिगोकर चेहरे पर रखें,यह स्किन को तुरंत शांत करता है।



**एलोवेरा जेल का इस्तेमाल :** एलोवेरा प्राकृतिक कूलिंग एजेंट है। रात में लगाने से स्किन को ठंडक और मरम्मत दोनों मिलती है।

**धूप से बचाव सबसे जरूरी :** छाया, दुपट्टा, छाता, ये पुराने तरीके आज भी सबसे प्रभावी हैं। सनस्क्रीन भी तभी काम करेगा जब आप धूप से सीधे बचाव भी करें।

**आइस फेशियल करना चाहिए या नहीं:** अगर आइस फेशियल सही तरीके से किया जाए तो काफी फायदेमंद हो सकता है। जैसे, यह स्किन को तुरंत ठंडक देता है। पोर टाइट करने में मदद करता है। हल्की सूजन और पफीनेस कम

### क्या है आइस फेशियल का सही तरीका

बर्फ को कपड़े में लपेटकर लगाएं। 1-2 मिनट से ज्यादा नहीं लगाएं। रोज नहीं, हफ्ते में 2-3 बार ही करें।

**खीरा और दही फेस पैक :** 2 चम्मच खीरे का रस में 1 चम्मच दही मिलाकर चेहरे पर लगाएं। यह टैन हटाने और ठंडक देने में असरदार उपाय है।

**गुलाब जल और चंदन :** चंदन पाउडर में गुलाब जल मिलाकर लगाएं। त्वचा को ठंडा और फ्रेश रखता है

**एलोवेरा और शहद :** एक चम्मच एलोवेरा में कुछ बूंदें शहद की मिलाएं। ये फेसपैक ड्राय और जलती स्किन के लिए राहतमंद है।

**आलू का रस :** कच्चे आलू का रस चेहरे पर लगाएं। इससे सनबर्न और जलन में तुरंत आराम मिलती है।

**तरबूज फेसपैक :** तरबूज का गूदा सीधे त्वचा पर लगाएं। यह हाइड्रेशन और ग्लो दोनों देता है।

## समर्स में कॉफी डेट पर जाना है तो स्टाइल करें शॉर्ट कुर्ती के ये प्रीमियम ऑप्शंस

फैशन



समर सीजन महिलाएं कहीं भी जाने से पहले अपनी आउटफिट को लेकर चिंतित हो जाती हैं। भला ऐसा हो भी क्यों नहीं! हैवी सिंथेटिक टॉप हो या मिक्सड फैब्रिक की कुर्ती इन्हें स्टाइल करना बहुत मुश्किल है। ये गर्मी अट्रैक्ट करते हैं, जिसकी वजह से अधिक पसीना आता है और पसीना बॉडी में फंसा रहता है। ऐसे में बैक्टिरियल इन्फेक्शन जैसे घमौरियों का खतरा बढ़ जाता है। कॉटन की हल्की और आरामदायक शॉर्ट कुर्ती आपके बहुत काम आएंगी। आउटिंग पर जाना हो या ऑफिस या फिर कॉफी डेट प्लान कर रही हैं, कॉटन की शॉर्ट कुर्ती को मिनटों में स्टाइल कर सकती हैं। ये आपको पूरे दिन रिफ्रेशिंग लुक देंगी।

कशिश क्रिएशन्स की फ्लोरल प्रिंटेड शॉर्ट कुर्ती गर्म मौसम में आपके बहुत काम आएंगी। इसपर बने फ्लोरल प्रिंट इसके आकर्षण में चार चांद लगा रहे। इस शॉर्ट कुर्ती को अपने अनुसार किसी भी मौके पर स्टाइल कर सकती हैं। खासकर अगर लंबे समय के लिए कहीं बाहर जाना है, तो इससे बेहतर और कुछ भी नहीं! ये पूरे दिन बॉडी को रिलैक्स रहने में मदद करेगी।

कॉटन की हल्की आरामदायक शॉर्ट कुर्ती एक परफेक्ट समर वियर आउटफिट ऑप्शन है। ये कुर्ती देखने में जितनी खूबसूरत है, पहनने पर उतनी ही आरामदायक महसूस होगी। खासकर जिन महिलाओं को ढीले ढाले कपड़े पसंद हैं, ये उनकी पसंदीदा बन जाएगी। इस आउटफिट में कंफर्ट जोन में फैशन प्लांट कर सकती हैं। इसकी हल्की हवादार फैब्रिक शरीर में ठंडक का एहसास बनाए रखती है, जिससे इन्हें लंबे समय तक पहनने के बाद भी आपको किसी तरह की परेशानी नहीं होती। प्योर कॉटन फैब्रिक से तैयार इस शॉर्ट कुर्ती पर बने फ्लोरल प्रिंट इसके आकर्षण का केंद्र हैं। इन्हें रोजाना ऑफिस और कॉलेज वियर के तौर पर कैरी करें, साथ ही आउटिंग पर जाने के लिए भी ये एक अच्छा विकल्प है। ये न केवल देखने में आकर्षक हैं, बल्कि बॉडी पर हल्के और आरामदायक महसूस होंगे। इस समय ये 63% के ऑफ पर उपलब्ध है, इसे जरूर ऑर्डर करें। नीले और लाल रंग के कॉन्बिनेशन से तैयार कॉटन शॉर्ट कुर्ती का प्रिंट और डिजाइन दोनों बेहद अट्रैक्टिव है। साथ ही इसकी फैब्रिक उतनी ही हल्की और मुलायम है, जो चिलचिलाती गर्मी में बॉडी पर आरामदायक महसूस होगी।

## गर्मियों में पसीने की बदबू से हैं परेशान? अपनाएं ये जादुई घरेलू नुस्खे

तपती गर्मी और उमस भरे मौसम में पसीना आना तो आम बात है, लेकिन जब यही पसीना अंडरआर्म्स की दुर्गंध में बदल जाए, तो यह न केवल आपके आत्मविश्वास को कम करता है बल्कि सामाजिक शर्मिंदगी का कारण भी बन जाता है। क्या आपने कभी महसूस किया है कि महंगे से महंगे डियोड्रेंट और परफ्यूम भी कुछ ही घंटों में अपना असर खो देते हैं? दरअसल, पसीने की अपनी कोई गंध नहीं होती, असली वजह तो आपकी त्वचा पर मौजूद बैक्टीरिया और बंद रोमछिद्र हैं।

अगर आप भी पसीने की बदबू कैसे दूर करें, जैसे सवालों का जवाब ढूंढ रहे हैं, तो आप अकेले नहीं हैं। अच्छी खबर यह है कि आपको अब और केमिकल वाले प्रोडक्ट्स पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है। आपके किचन में मौजूद नींबू, बेकिंग सोडा और एप्पल साइडर विनेगर जैसे साधारण तत्व इस समस्या का जड़ से सफाया कर सकते हैं।



### रोजाना 2 बार नहाएं

गर्मियों में दो बार स्नान कर सकते हैं। सुबह तो स्नान करें ही, साथ ही शाम को नहाएं ताकि दिन भर का पसीना, गंदगी और बदबू दूर हो सकते। नहाने के लिए एंटी-बैक्टीरियल साबुन का इस्तेमाल करें। इससे बैक्टीरिया कम होंगे और बदबू नहीं आएगी

### नींबू का इस्तेमाल

अधिकतर लोगों के अंडरआर्म्स से पसीने की बदबू आती है। इससे छुटकारा पाने के लिए नींबू को अंडरआर्म्स पर रगड़ें। फिर 5 मिनट बाद धो लें। नींबू नेचुरल डियोड्रेंट की तरह काम करता है।


### बेकिंग सोडा

अपने अंडरआर्मस में थोड़ा सा बेकिंग सोडा लगा सकते हैं। ये पसीने की नमी को सोखता है और बदबू पैदा करने वाले बैक्टीरिया खत्म करता है। ध्यान रखें कि बेकिंग सोडा को चेहरे पर न लगाएं।

## बिना लिपस्टिक के गुलाबी होंठ पाना है? अपनाएं ये 7 आसान ब्यूटी हैक्स

गुलाबी और खूबसूरत होंठ पाने के लिए नियमित स्क्रबिंग, मॉइस्चराइजिंग और प्राकृतिक उपाय जैसे चुकंदर, शहद और नारियल तेल का इस्तेमाल करें। ये तरीके होंठों को नेचुरल तरीके से सॉफ्ट और पिंक बनाते हैं। हर किसी की ख्वाहिश होती है कि उसके होंठ प्राकृतिक रूप से गुलाबी, मुलायम और खूबसूरत दिखें। लेकिन बदलती लाइफस्टाइल, धूल-मिट्टी, धूप और केमिकल वाले प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से होंठ धीरे-धीरे काले और रूखे हो जाते हैं। ऐसे में लोग लिपस्टिक का सहारा लेते हैं, लेकिन हर दिन मेकअप करना न तो आसान है और न ही त्वचा के लिए सुरक्षित।

**होंठों की नियमित स्क्रबिंग करें :** डेड स्किन हटाने के लिए हफ्ते में



2-3 बार हल्के से स्क्रब करें। आप होंठों की स्क्रबिंग के लिए घर पर ही नेचुरल स्क्रब बना सकते हैं। चीनी और शहद को मिलाकर हल्के हाथों से लिप पर मसाज करें।

**शहद से करें मॉइस्चराइज :** शहद एक नेचुरल मॉइस्चराइजर है। रोज रात को सोने से पहले होंठों पर शहद लगाएं। इससे होंठ सॉफ्ट और गुलाबी बनते हैं।

**नारियल तेल का इस्तेमाल :** नारियल तेल होंठों को गहराई से पोषण देता है। दिन में 2–3 बार हल्का सा नारियल तेल लिप पर लगाएं। सूखापन और कालापन कम होता है।

**चुकंदर का रस :** चुकंदर में नेचुरल पिंक पिगमेंट होता है। चुकंदर का रस होंठों पर लगाएं। नियमित इस्तेमाल से होंठ गुलाबी दिखने लगते हैं।

**बर्फ से मसाज करें :** होंठ पर बर्फ से हल्की मसाज करने से ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। होंठ नेचुरली पिंक और फ्रेश दिखते हैं।

**इन गलतियों से बचें :** गुलाबी होंठों के लिए सिर्फ प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल ही नहीं, कुछ गलत आदतों से दूरी भी बनानी होगी।

### कार्नर न्यूज

### प्राकृतिक, हाई क्वालिटी वाले कपड़ों को देती हैं प्राथमिकता

## अमीर महिलाएं हमेशा कैसे दिखती हैं क्लासी कम पैसों में आप भी कर सकती हैं स्टाइल कॉपी

जब भी अमीर महिलाओं के फैशन की बात होती है तो सबसे पहले लोगों के दिमाग में अंबानी परिवार की बेटी और बहुएं याद आती हैं। अंबानी परिवार की महिलाएं अक्सर सुंदर कपड़ों, गहनों और बेहतरीन मेकअप में नजर आती हैं। बहुत सी महिलाएं उनकी तरह दिखने की पूरी कोशिश करती हैं। करें भी क्यों ना, जब कोई व्यक्ति महंगे या अच्छी फिटिंग वाले कपड़े पहनता है, तो उसका बॉडी लैंग्वेज पूरी तरह से बदल जाता है।



### फैब्रिक को देते हैं अहमियत

अमीरों के लिए फैशन स्टाइल से ज्यादा फैब्रिक मायने रखता है। अमीर महिलाएं अक्सर प्राकृतिक, हाई क्वालिटी वाले कपड़ों को प्राथमिकता देती हैं जो हवादार होते हैं और समय के साथ और भी खूबसूरत दिखते हैं। अमीर महिलाएं लोरो पियाना कश्मीरी, सी आइलैंड कॉटन, शहतूत रेशम,लिनन, विकुना जैसे फैब्रिक पहनना पसंद करती हैं।

### छिपा होता है ब्रांड

अमीर लोग अक्सर जो कपड़े पहनते हैं उन पर ब्रांड को कोई ऐसा लोगो नहीं होता जो बहुत बड़ा हो और हर किसी को दिखाई दे। असल में अमीर लोग कपड़ों के अंदर छिपे हुए हल्की ब्रांडिंग को पसंद करते हैं।

### परफेक्ट फिट को महत्व

बहुत से लोग ये मानते हैं कि अमीर लोग बड़े ब्रांड के कपड़े पहनते हैं इसलिए वो सोबर लुक में भी स्टाइलिश दिखते हैं। हालांकि,अमीर महिलाएं और आम लोगों के बीच सबसे बड़ा अंतर ब्रांड नहीं बल्कि कपड़ों की फिटिंग होती है। अमीर लोग रेडीमेड कपड़े कम ही पहनते हैं। वह अक्सर अपने माप के अनुसार कपड़े बनवाना पसंद करते हैं। उनके कपड़े न तो बहुत टाइट होते हैं



### कम गहने

अक्सर लोग एक सिंपल टीशर्ट के साथ भी खूब सारी रिंग्स चेन और वॉच पहन लेते हैं, जबकि अमीर लोग गहनों के ढेर को पहनने के बजाय कुछ चुनिंदा चीजों को पहनते हैं। जिसमें हाई क्वालिटी रिस्ट वॉच, लेदर बैग और जूते पहनना पसंद करते हैं। इसके अलावा कानों में डायमंड ईयररिंग्स और एक दो अंगूठी पहने दिखते हैं।

### ग्रूमिंग पर देते हैं ध्यान

अमीर महिलाएं अक्सर हेल्दी और फ्रेश दिखने वाले मेकअप को करना पसंद करती हैं। वह मेकअप से ज्यादा स्किन केयर पर विश्वास रखती हैं।